इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26


# छत्तीसगढ़ टाईल्स सेनेटरी एवं डोर हाउस



हमारे यहां ब्लैक स्टोन, सिरेमिक टाईल्स, विट्री फाईड टाईल्स, सिनेटरी वियर, CP वियर, CPVC पाईप, UPVC यूपीवीसी पाईप, माइका डोर, लेमिनेशन डोर, सागौन डोर, वालपेपर, ग्रेनाईट एवं सभी प्रकार के बिल्डिंग मटेरियल की सामग्री उपलब्ध है।

स्थान- नंदई रोड वार्ड नं.-40, राजनांदगांव (छ.ग.) मो. नं.- 99077-57733, 99074-83037


वर्ष- 44 | अंक -13 | राजनांदगांव, शुक्रवार 29 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## संभल हिंसा मामला : सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मस्जिद पक्ष, सर्वे आदेश के खिलाफ दी याचिका, आज होगी सुनवाई

संभल। संभल जिले स्थित जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर विवाद मामले में मस्जिद पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, मस्जिद पक्ष को ओर से जामा मस्जिद संभल प्रबंध कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दी है। याचिका में मस्जिद पक्ष ने स्थानीय अदालत द्वारा दिए गए 19 नवंबर को सर्वे के आदेश को चुनौती दी गई है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ याचिका पर सुनवाई करेगी।



बता दें कि संभल जिले की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने के दावे पर स्थानीय अदालत ने 19 नवंबर को सर्वे के आदेश दिए। पहले दिन सर्वे करने पहुंची टीम ने विरोध के कारण सर्वे कार्य को स्थगित कर दिया था। 19 नवंबर को मस्जिद की इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली के अलावा वादी और प्रतिवादी पक्ष के लोगों की उपस्थिति में एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव को अपनी टीम के साथ सर्वे का कार्य करना था।

जिला प्रशासन ने दोनों पक्षों के साथ बातचीत कर निश्चित संख्या में लोगों को मस्जिद के अंदर प्रवेश दिया। इस दौरान डीएम और एसपी के अलावा प्रशासनिक सभी लोगों को बाहर रखा गया। इसी बीच कुछ जनप्रतिनिधि और उनके समर्थक आ गए और मस्जिद का गेट खुलवाकर अंदर घुस गए। लोग सर्वे पर आपत्ति और विरोध की बातें करने लगे, सवाल खड़े करने लगे। रात का समय और बढ़ती भीड़ को देख एडवोकेट कमिश्नर और जिला प्रशासन ने कार्य को स्थगित कर दिया था।

हाई कोर्ट में भी जनहित याचिका दाखिल

संभल स्थित जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हुई हिंसा की सीबीआई जांच के लिए इलाहबाद हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। घटना को षड्यंत्र बताते हुए गोली चलाने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग भी इस याचिका में है। वाराणसी निवासी डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी की तरफ से अधिवक्ता इमरान उल्ला व विनीत विक्रम ने यह याचिका दाखिल की है। मांग की गई है कि हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआइटी बनाई जाए जो आयुक्त, डीएम, एसपी, एसडीएम, सीओ की भूमिका की जांच कर निर्धारित समय में रिपोर्ट दे। अधिकारियों की संलिप्तता और गलतियों के कारणों की भी जांच की मांग है।

गौरतलब है कि 24 नवबंर को सर्वे के दौरान 40 लोग मस्जिद में पहले से मौजूद बताए गए। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा आपत्ति की गई तो उन्हें वहां से बाहर निकाल गया। दावा है कि ये लोग जैसे ही वह बाहर आए तो वह भीड़ में शामिल हो गए और उसके बाद भीड़ उत्तेजित होने लगी। ऐसा दावा है कि उन्हीं के द्वारा मस्जिद के बजूखाने के पानी निकल जाने की सूचना बाहर दी गई थी और मस्जिद में खुदाई की बात को वायरल किया गया था, क्योंकि अंदर चल रहे कार्य की भनक बाहर के लोगों को नहीं थी।

## हेमंत सोरेन झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली

रांची। जेएमएम नेता हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची के मोहराबादी मैदान में पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन भी मौजूद थे। बता दें कि गुरुवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उन्होंन अकेले ही शपथ ली है।



बताया जा रहा है कि विश्वास मत हासिल करने के बाद विधायकों को मंत्री के रूप में शामिल किया जा सकता है। सीएम के रूप में शपथ लेते ही हेमंत सोरेन के नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हो गए हैं। झारखंड के इतिहास में हेमंत सोरेन 4 बार सीएम पद की शपथ लेने वाले पहले राजनेता बन गए हैं। इससे पहले उनके पिता शिबू सोरेन और बीजेपी के अर्जुन मुंडा तीन-तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं। हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, आप नेता राघव चड्ढा, सीएम ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, पप्पू यादव, भगवंत मान सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता शामिल हुए।

### हेमंत सोरेन ने जनता से किए ये वादे

झारखंड में जेएमएम नेता हेमंत सोरेन ने सीएम के रूप में शपथ ले ली है। हेमंत सोरेन ने इंडिया गठबंधन से अलग अपना एक घोषणापत्र भी जारी किया था। इसमें राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया गया। इसके अलावा क्रेडिट गारंटी योजना के तहत एमएसएमई उद्यमियों को 5 करोड़ रुपये तक का ऋण देने का भी वादा किया गया। वहीं प्रदेश की जनता से इंडिया गठबंधन ने भी सात वादे किए थे। इन सात वादों में स्थानीयता, महिलाओं को आर्थिक मदद, आरक्षण, मुफ्त राशन, नौकरियां, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मिसेज इंडिया ग्लोब 2024 का ताज पहनना व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं- अनुराधा गर्ग



नई दिल्ली। मिसेज इंडिया ग्लोब 2024 अनुराधा गर्ग ने कहा कि मिसेज़ इंडिया का खिताब सिर्फ़ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की वकालत करने और दूसरों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने का एक मंच है।

अनुराधा गर्ग के मिसेज़ इंडिया 2024 का ताज पहनने के बाद घर वापसी समारोह एक भव्य स्वागत के साथ मनाया जा रहा है।इस समारोह में उनकी प्रतिष्ठित खिताब तक पहुंचने की उनकी अविश्वसनीय यात्रा का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम अनुराधा के जीवन में महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम सुंदरता और शालीनता के प्रतीक के रूप में ही नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा के रूप में देखी जा रही है। मिसेज इंडिया 2024 सीजन 5 प्रतियोगिता में अनुराधा की जीत ने उन्हें आगामी मिसेज ग्लोब प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय मंच पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमित शाह के घर पर हुई महायुति की मीटिंग, फडणवीस-शिंदे और अजित पवार के साथ सीएम के नाम पर चर्चा

मुंबई। महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री महायुति से कौन होगा? इसे लेकर तस्वीर अब जल्द ही साफ हो जाएगी. महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अमित शाह के घर महत्वपूर्ण बैठक हो रही है. बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार मौजूद हैं.

सीएम की रेस में फडणवीस का नाम सबसे ऊपर चल रहा है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछली सरकार की तरह नई सरकार में भी दो डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे. इसके लिए शिवसेना (शिंदे गुट) से दादा भूसे और एनसीपी (अजित पवार) गुट से शंभू राज देसाई के नाम की चर्चा है. अभी फाइनल डिसीजन लिया जाना बाकी है.



### महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर दिल्ली में बैठक

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंचे.महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा, 'मैंने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी भूमिका साफ कर दी है कि महायुति के मुख्यमंत्री को लेकर कोई बाधा नहीं है. यह 'लाडला भाई' दिल्ली आ चुका है और 'लाडला भाई' मेरे लिए किसी भी पद से बड़ा है. हर बात पर बैठक होगी.

सूत्रों के मुताबिक बीजेपी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को मुख्यमंत्री पद की भरपाई के लिए तीन बड़े विभागों सहित कैबिनेट में 12 सीटें दे सकती है. इसके साथ ही महाराष्ट्र में दादा भूसे और शंभू राज देसाई को डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है.सूत्रों ने यह भी बताया कि महायुति गठबंधन में तीसरी पार्टी अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा को कैबिनेट में 9 सीटें मिल सकती हैं. महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 43 मंत्री हो सकते हैं. बीजेपी आधी सीटें अपने पास रखेगी. शहरी विकास, लोक निर्माण विभाग और जल संसाधन ये तीन मंत्रालय एकनाथ शिंदे गुट को मिल सकता है. नया मुख्यमंत्री बीजेपी से होगा और दो उपमुख्यमंत्रियों, शिवसेना और एनसीपी से हो सकते हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्रियंका वाड्रा ने संविधान की लाल किताब के साथ हिंदी में ली शपथ



नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र जारी है। इस बीच, गुरुवार को प्रियंका वाड्रा ने संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रियंका को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शपथ दिलाई। प्रियंका ने हाथ में संविधान की लाल किताब लेकर हिंदी में शपथ लीं। इस दौरान, उन्होंने केरल की पहचान जरी वाली साड़ी पहनी।

बता दें, प्रियंका वाड्रा वायनाड उपचुनाव में जीत के बाद सांसद बनी हैं। इससे पहले प्रियंका अपनी मां सोनिया गांधी, भाई राहुल गांधी और पति रॉबर्ट वाड्रा के साथ संसद भवन पहुंचीं। उनके दोनों बच्चे भी संसद पहुंचे। संसद भवन में प्रवेश करते समय प्रियंका ने मीडिया से कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं।

### संसद में गांधी परिवार के तीन सदस्य

इसके साथ ही संसद में गांधी परिवार के तीन सदस्य हो गए हैं। राहुल गांधी और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम साय की किसानों को बड़ी सौगात : तिलहन फसल की अनुदान राशि में वृद्धि, 1000 की जगह मिलेगा 1500 रुपए

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कृषक समग्र विकास योजना के तहत अक्ती बीज संवर्धन योजना के अंतर्गत तिलहन फसलों के बीज उत्पादन एवं वितरण पर अनुदान में वृद्धि के प्रस्ताव को वित्त विभाग ने मंजूरी दे दी है। सीएम विष्णुदेव साय की पहल पर तिलहनी फसलों के लिए बीज उत्पादन और वितरण अनुदान को प्रति क्विंटल 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने की स्वीकृति दी गई है। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से विशेष रूप से तिलहन उत्पादक किसानों को लाभ होगा।



उल्लेखनीय है कि, अक्ती बीज संवर्धन योजना की शुरुआत से अब तक बीज उत्पादन और वितरण अनुदान में कोई वृद्धि नहीं की गई थी।

अब तिलहन फसलों के बीज उत्पादन एवं वितरण पर प्रति क्विंटल 500 रुपये का अतिरिक्त अनुदान मिलेगा, जो किसानों को बीज की गुणवत्ता सुधारने और उत्पादन में वृद्धि करने में मदद करेगा।

### तलहन फसलों की खेती को मिलेगा बढ़ावा

सीएम विष्णुदेव साय की इस पहल का उद्देश्य किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ-साथ तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा है। इस वृद्धि से किसान तिलहन फसलों की कृषि के लिए प्रोत्साहित होंगे और तिलहन की अधिक उपज सुनिश्चित करने के लिए बेहतर बीज का भी इस्तेमाल करेंगे। इस पहल से तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ने के साथ ही किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

## दिल्ली के प्रशांत विहार में ब्लास्ट, एक शख्स घायल... जांच में जुटी पुलिस, मौके पर मिला सफेद पाउडर



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली से खबर है कि यहां के प्रशांत विहार में गुरुवार को ब्लास्ट हो गया। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। धमाका बंशी स्वीट्स के पास सुना गया। समाचार एजेंसी के मुताबिक, दिल्ली फायर सर्विस ने बताया कि सुबह 11.48 बजे प्रशांत विहार इलाके से विस्फोट की कॉल आई। दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। मौके से सफेद पाउडर जैसी चीज मिली है।

### दीवाली से पहले भी हुआ था ब्लास्ट

एक शख्स के घायल होने की सूचना है। लोगों के मुताबिक, धमाका कम तीव्रता का था, लेकिन आवाज दूर तक सुनी गई। बता दें, दीवाली के समय भी प्रशांत विहार में ब्लास्ट हुआ था। तब सीआरपीएफ स्कूल के पास ब्लास्ट हुआ था, जिससे दीवार क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस ब्लास्ट की अभी जांच चल ही रही थी कि एक और धमाका हो गया।

## पीएससी 2023 का परिणाम घोषित, सफल अभ्यर्थियों को सीएम साय ने दी शुभकामनाएं

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस बार कुल 703 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार के लिए अपनी जगह बनाई थी, जिनमें से 243 पदों पर भर्ती के लिए चयन किया गया है। प्रारंभिक परीक्षा के बाद मुख्य परीक्षा में 3597 अभ्यर्थियों को मौका मिला था, जिनमें से 703 उम्मीदवारों ने साक्षात्कार में भाग लिया।




रविशंकर वर्मा टॉप पर रहे, मृणमयी शुक्ला दूसरे स्थान, आस्था शर्मा तीसरे स्थान, किरण राजपूत चौथे स्थान, नंदिनी पांचवे स्थान, सोनल यादव छठे स्थान, दिव्यांश सिंह चौहान सातवे स्थान, सशांक कुमार आठवे स्थान, पुणीत राम - नौंवे स्थान, उत्तम कुमार दसवे स्थान पर रहे।

### मुख्यमंत्री की शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2023 में हुए सफल अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के कंधे पर छत्तीसगढ़ के विकास की महती जिम्मेदारी है।

छत्तीसगढ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 'राज्य सेवा परीक्षा-2023' के सफल अभ्यर्थियों को मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री साय ने उम्मीद जताई कि राज्य सेवा परीक्षा में चयनित युवा शासकीय सेवा में आकर पूरी ईमानदारी से जनता की सेवा करेंगे। उन्होंने चयनित युवाओं को पूरी तन्मयता से कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने की अपील की है।

## अब 16 साल से छोटे बच्चे नहीं चला पाएंगे सोशल मीडिया, आस्ट्रेलिया ने कानून बनाकर लगाया प्रतिबंध

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई सीनेट ने सोशल मीडिया पर प्रतिबंध वाले विधेयक को 19 के मुकाबले 34 वोटों से पारित कर दिया। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने बुधवार को 13 के मुकाबले 102 वोटों से विधेयक को मंजूरी दी।

ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह बैन किशोर (16 साल के कम) पर लागू होगा। यानी कि आस्ट्रेलिया में रहने वाले 16 साल से कम उम्र के बच्चे अब सोशल मीडिया यूज नहीं कर पाएंगे। गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई संसद में यह कानून पारित हुआ। अब ऑस्ट्रेलिया ऐसा कानून बनाने वाला दुनिया का पहला देश है।



### सोशल मीडिया कंपनियों पर भारी जुर्माने का प्रावधान

न्यूज एजेंसी एपी और रायटर्स के मुताबिक, नए कानून के अंतर्गत टिकटाक, फेसबुक, स्नैपचैट, रेडिट, एक्स (पहले ट्विटर) और इंस्टाग्राम जैसी सोशल मीडिया कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि 16 साल से कम उम्र के बच्चे इन प्लेटफॉर्म्स पर अकाउंट न बना सकें। अगर कंपनियां ऐसा करने में विफल रहती हैं, तो उन्हें 33 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 272 करोड़ रुपए) का जुर्माना भरना होगा।

### नए कानून के सपोर्ट में मतदान

सीनेट में यह बिल 34 मतों के समर्थन और 19 के विरोध के साथ पारित हुआ। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने बुधवार को इस कानून को 102 वोटों के पक्ष और 13 के विरोध में मंजूरी दी थी। हालांकि, सीनेट द्वारा सुझाए गए विपक्षी संशोधनों को अभी मंजूरी मिलनी बाकी है, लेकिन यह औपचारिकता मात्र है क्योंकि सरकार पहले ही इन पर सहमति जता चुकी है।

### 77 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई कानून के समर्थन में

यह कानून गोपनीयता अधिकार समूहों और कुछ बाल अधिकार संगठनों के विरोध के बावजूद लागू हुआ है। हालिया सर्वे के मुताबिक, 77त्न ऑस्ट्रेलियाई नागरिक इस कानून का समर्थन करते हैं। देश के सबसे बड़े मीडिया समूह रूपर्ट मर्डोक के न्यूज कॉर्प की अगुआई में एक कैंपेन चलाया गया, जिसका नाम 'लेट देम बी किड्स' था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में बनेगी फिल्म सिटी: बॉलीवुड फिल्मों की होगी शूटिंग, केंद्र से मिले 147 करोड़

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को केंद्र सरकार से एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। केंद्र सरकार ने स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2024-25 के तहत राज्य की दो महत्वपूर्ण पर्यटन परियोजनाओं के लिए 147.66 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।

इसके अंतर्गत 95.79 करोड़ रुपये की लागत से माना तूता रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का निर्माण तथा 51.87 करोड़ रुपये की लागत से माना तूता रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण शामिल है। छत्तीसगढ़ में इन परियोजनाओं के शुरू होने से राज्य में पर्यटन ढांचे को मजबूत करने और स्थानीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने में मदद मिलेगी। ये योजनाएं रोजगार सृजन, विकास और छत्तीसगढ़ को पर्यटन के वैश्विक मानचित्र में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी।



### कन्वेंशन सेंटर निर्माण के लिए मिली स्वीकृति

सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से 15 अक्टूबर को नई दिल्ली में मुलाकात कर छत्तीसगढ़ की पर्यटन गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट योजना के तहत रायपुर में फिल्म सिटी, कन्वेंशन सेंटर, वेलनेस रिसॉर्ट और नेचर सिटी के लिए लगभग 300 करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे। जिसके परिप्रेक्ष में फिल्म सिटी और कन्वेंशन सेंटर निर्माण के लिए केंद्र सरकार से 147.66 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

### वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप खुलेंगे नए अवसर

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के इस ठोस कदम से छत्तीसगढ़ में फिल्म मेकिंग और फिल्म टूरिज्म के लिए फिल्म सिटी निर्माण के माध्यम से अपार संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। यह सफलता छत्तीसगढ़ के पर्यटन विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और राज्य को एक वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने की दिशा में नए अवसर खोल रही है।

# निगम का मोहारा रोड में चला प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्ती अभियान, 5 हजार जुर्माना एवं पानी पाउच बोरी, डिस्पोजल व पालिथीन की जप्ती

## त दिनों गुरूद्वारा रोड, तुलसीपुर, ममता नगर व मोतीपुर क्षेत्र से 5.50 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्त कर 7 हजार 5 सौ रूपये जुर्माना वसूली





राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर को स्वच्छ सुंदर एवं पालीथिन मुक्त करने नगर निगम द्वारा प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये निगम का स्वास्थ्य अमला शहर के दुकानदारों व नागरिकों को साफ सफाई रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने समझाईस देने के साथ साथ कार्यवाही भी कर रहे है। कार्यवाही की कडी में आज स्वास्थ्य अमला ने मोहारा रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे के 15 दुकानदारों से 5 हजार रूपये जुर्माना वसूल, 15 बोरी पानी पाउच, 20 रीम डिस्पोजल व 9 सौ ग्राम पालिथीन की जप्ती किये।

प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये कार्यवाही के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि पर्यावरण संवर्धन एवं नागरिकों तथा जानवरों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य में दुष्प्रभाव से बचाने शासन निर्देश के अनुक्रम में शहर के व्यापारियों एवं नागरिकों से प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग नहीं करने, साफ सफाई रखने तथा कपड़े का थैला उपयोग करने समझाईस दी जा रही है तथा उपयोग पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में आज निगम के स्वास्थ्य टीम ने मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे के 15 दुकानों पर कार्यवाही कर 5 हजार रूपये जुर्माना लगाये तथा 15 बोरी पानी पाउच, 20 रीम डिस्पोजल व 9 सौ ग्राम पालिथीन जप्त किये। इसी प्रकार कार्यवाही करते हुये गत दिनों गुरूद्वारा रोड के 10 फल ठेला वालों से 1 किलो 5 सौ ग्राम प्रतिबंधित पालिथीन जप्ती कर 1 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना लगाये थे। इसी तरह तुलसीपुर, ममता नगर व मोतीपुर के किराना व अन्य व्यवसायियों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये कार्यवाही कर 10 दुकानदारों से 5 हजार 7 सौ रूपये जुर्माना वसूल कर 4 किलो पालिथीन, डिस्पोजल की जप्ती बनाये। उक्त कार्यवाही जारी रहेगी।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि आज प्लास्टिक के कारण पर्यावरण पर सीधा प्रभाव पड रहा है, जिसका प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर भी हो रहा है। साथ ही जानवर के पालीथिन खाने पर उनके शरीर पर भी दुष्प्रभाव पड रहा है। इन बातो को ध्यान में रखकर शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसे ध्यान में रखते हुये हमे भी इस कार्य में सहयोग करना है। उन्होनें सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करे, साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर जूट से बने थैले का उपयोग करने तथा अपने घर व उसके आस पास साफ सफाई रखने की अपील की है।

# बंग्लादेश देश की आजादी के लिए भारतीय सेना ने अपना खून क्या इस दिन के लिए बहाया था - अटल मंच

## भारतीय दूतावास के रवैया सराहनीय -अटल मंच



राजनांदगांव (दावा)। बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के प्रति खुले रूप से अत्याचार को लेकर अटल मंच के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्या इसी दिन के लिए भारत ने बांग्लादेश को आजाद करने के लिए अपनी सैनिकों की बलि दी थी।

अटल मंच ने कहा कि वर्तमान पाकिस्तान के लोगों द्वारा बांग्ला देश में रह रहे मुसलमानों के प्रति क्रुरता के विरुद्ध भारत सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाया था और बांग्लादेश को आजाद कराने में मदद की थी। इसमें अनेक भारतीय सैनिकों ने अपना लहू बहाया था और कुर्बानियां दी थी। आज बांग्लादेश में जिस प्रकार से कट्टरपंथियों के दबाव में आकर वहां की सरकार सरकार वहां के हिंदुओं का कत्ल कर रही है वह किसी भी कीमत में भारतीय जनमानस को स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बांग्लादेश में भारतीय दूतावास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसने भारत की आवाज को बांग्लादेश की सरकार के समक्ष कडाई से रखा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भी मामला भारत सरकार द्वारा तुरंत कार्रवाई हेतु लाया जाए एवं उचित कार्रवाई की जाए। आशीष शर्मा ने कहा कि बंग्लादेश को और भारत के प्रति विध्वंशक सोच रखने वालों और टीम सोरोस को अब अच्छे से समझ लेना चाहिये कि महाराष्ट्र के चुनाव परिणाम ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि यदि जरुरी हुआ तो बंग्लादेश की आबादी जितने हिन्दु बंग्लादेश में बाड तोड़कर प्रवेश कर सकने में भी पीछे नहीं हटेंगे।

## पहला कॉलम...

### राजीव भाई दीक्षित जयंती एवं पुण्य तिथि पर स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी 30 को



राजनांदगांव (दावा)। स्वदेशी के प्रणेता राजीव भाई दीक्षित जयंती एवं पुण्य तिथि पर 30 नवम्बर 2024 को शाम 6 बजे मां पंचगव्य चिकित्सा एवं गौ रक्षा अनुसंधान केन्द्र महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव में स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी का आयोजन रखा गया है। गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा आयोजित स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी में गौ पालकों कृषकों, स्वदेशी समर्थकों, गौ सेवकों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन हेतु आज शिविर

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य दिया गया है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक हितग्राहियों के मार्गदर्शन के लिए 29 नवम्बर 2024 को कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नया संयुक्त जिला कार्यालय हाल क्रमांक 1 कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में शिविर का आयोजन किया गया है। योजनांतर्गत स्वरोजगार स्थापना हेतु बैंक शाखाओं के माध्यम से व्यवसाय क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, विनिर्माण एवं खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्योग की स्थापना के लिए ऋण का प्रावधान है।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक 6 दिसम्बर को

राजनांदगांव (दावा)। अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में मैनुअल स्कैवेंजर्स के तहत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिशेध और उनका पुनर्वास अधिनियम के तहत 6 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 49 में जिला स्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई है। समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### ईश्वर निषाद का निधन

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कान्वेंट के ड्रायवर ईश्वर निषाद के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। शाला के ड्रायवर ईश्वर निषाद का कल दिनाँक 27 नवम्बर 2024 को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी मृत्यु से शाला परिवार को गहरा आघात लगा है। उनके आत्मा की शांति के लिए शाला परिवार ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### फिरंतादास साहू का निधन



राजनांदगांव(दावा)। ग्राम पेंड्री (सुकुलदैहान) निवासी फिरंतादास साहू का गुरुवार शाम को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे और संत कबीर आश्रम से जुड़े थे। अंतिम यात्रा कल शुक्रवार को सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्रों फलेश कुमार, गंगाप्रसाद व पुत्री दिलेश्वरी साहू समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने नगर निगम में किया अनूठा प्रदर्शन

## चिखली वार्ड में चल रहे अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। जोगी कांग्रेस जिला अध्यक्ष शमशुल आलम द्वारा नगर निगम के सामने अनूठा प्रदर्शन कर निगम उपायुक्त को गुलाब का फूल और काला चश्मा भेंटकर चिखली के वार्ड नंबर 10 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड में चल रहे अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करने की मांग की।

जिला अध्यक्ष शमशुल आलम द्वारा बताया गया कि पूर्व में अगस्त माह में उनके द्वारा निगम प्रांगण में प्रदर्शन किया गया था, जिसके फलस्वरुप निगम के कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके द्वारा तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था, पर आज चार माह बाद भी शांति नगर, वार्ड नंबर 10 के लक्ष्मीबाई वार्ड में जोरो से अवैध प्लाटिंग की जा रही है। पूर्व में सूचना का अधिकार के तहत निगम से जानकारी मांगे जाने पर वहां की पार्षद पूर्णिमा नागदेवे द्वारा अवैध तरीके से बिजली के पोल लगाए गए थे, जिसे काटकर वार्डों में स्थानांतरित करवा दिया गया था, पर निगम पर शिकायत होने के पश्चात भी जब अधिकारियों द्वारा हीला-हवाला किया गया, तब फिर से अवैध प्लॉटिंग की जगह पर बिजली के पोल लगा दिए गए हैं। इसी तारतम्य में वार्डवासियों की शिकायत पर जोगी कांग्रेस जिला अध्यक्ष आलम आज अनोखे अंदाज में निगम में प्रदर्शन करने पहुंचे, जिसमें जोगी कांग्रेसियों द्वारा निगम आयुक्त के लिए गुलाब का फूल भेंटकर उन्हें अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित किया है। साथ ही काला चश्मा उनके कार्यपालन अभियंता व नगर निगम के कर्मचारियों को देने की सलाह दी है।

निगम उपायुक्त की बात सुनकर श्री आलम ने कहा कि गरीब लोगों का ठेला वह घर हटाने और तोड़ने में आपको बिल्कुल समय नहीं लगता, पर आज आमिर भू-माफिया की अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करने के लिए आपको इतना समय लग जा रहा है, वैसे भी पूर्व में नगर निगम के अधिकारियों के ऊपर हर काम में 10 प्रतिशत कमीशन लेने की बात चर्चा में है, अगर यह गलत है तो कार्यवाही करिए। एक हफ्ते के भीतर कार्रवाई न होने की स्थिति में जोगी कांग्रेसियों द्वारा महावीर चौक में चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी निगम प्रशासन की होगी, यह सुनकर निगम उपायुक्त ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के लिए आश्वस्त किया है।

इस अवसर पर जोगी कांग्रेस जिला अध्यक्ष समसुल आलम के साथ जिला महासचिव नमन पटेल, मजदूर संघ अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी, युवा शहर अध्यक्ष बिलाल सोलिन खान, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष आकाश साहू, कुणाल सिंग, जिला सचिव टिकेश नेताम, ऋषभ रामटेक, शुभम भालाधारे, चैन सिंग, भूपेश साहू, अजय आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस 2024 में रमेश कुमार साहू सम्मानित



राजनांदगांव(दावा)। एम.ए. छात्र संगठन रायपुर द्वारा तेलीबांधा मरीन ड्राईव में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन 24.11.2024 दिन रविवार को किया गया।

छत्तीसगढ़ी भाषा जन जागरण रैली जिला राजनांदगांव में सफल आयोजन के लिये एम.ए. छत्तीसगढ़ी छात्र रमेश कुमार साहू जी को मेडल और खुमरी के साथ सम्मानित किया गया। इसके लिये समस्त राजनांदगांव साहित्यकार ने उपलब्धि समझकर गौरवान्वित होने का अनुभव किया और ओमप्रकाश साहू, महेन्द्र कुमार बघेल, आत्माराम कुशवाहा ने बधाई भी दिये।

एम.ए. छात्र संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साहू ने कहा कि आयोजन की सफलता में रमेश कुमार साहू और भागचंद सिन्हा जी का भूमिका महत्वपूर्ण सहयोग रहा। छत्तीसगढ़ी भाषा को रोजगार की भाषा कामकाज की भाषा और विद्यालयीन शिक्षा, 8वीं अनुसूची में शामिल करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया था।

# पूर्व मंत्री अकरम को डॉक्टरेट की मानक उपाधि



**समाजसेवा के क्षेत्र में सम्मान मिलना से नांदगांव के लिए गौरव की बात**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के डॉ. रमन सरकार के समय मंत्री का दर्जा प्राप्त राजनांदगांव के लाडले सपूत अकरम कुरैशी को समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टर की उपाधि मिली है। इस बहुत बड़े उपलब्धि से राजनंदगांव की जनता गौरवान्वित हुई है। सर्वधर्म समभाव के आदर्श पर चलने वाले जनाब कुरेशी को जितना विशिष्ट सम्मान मिला है। वे उतने ही सरल व्यक्तित्व की धनी हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व महामंत्री और वर्तमान में मोर्चा के बस्तर संभाग प्रभारी तथा छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अकरम कुरैशी को डिस्प्रिन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा भिलाई कांवोकेशन समाज कल्याण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में समर्पित भाव से काम करने के लिए डॉक्टर ऑफ ह्यूमन एंड सोशल सर्विस के क्षेत्र में डॉक्टर की मानक से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए जनाब कुरैशी ने यूनिवर्सिटी को तहेदिल से शुक्रिया अदा किया है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद अकरम कुरैशी को डेस्प्रिंग इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा भिलाई कांवोकेशन में समाज कल्याण एवं समाज सेवा के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए डॉक्टर ऑफ ह्यूमन एन्ड सोशल सर्विस के क्षेत्र में डॉक्टर कि मानक उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चांसलर एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

यूनिवर्सिटी मुख्यतः यूनाइटेड स्टेंट्स ऑफ अमेरिका, इंग्लैंड, वेस्ट अफ्रीका एवं भारत में भी मुख्य है। यह यूनिवर्सिटी को नीति आयोग भारत सरकार, दिल्ली सरकार, एमएसएमई भारत सरकार, आईएसओ सर्टिफाइड एवं अन्य संस्थान से मान्यता प्राप्त है। श्री कुरैशी छत्तीसगढ़ में पहले राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति है और वही विश्व में 12 वां स्थान जिन्हें यह उपाधि दी गयी है।

# तकनीकी कर्मचारियों के लिए सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन



**विद्युत दुर्घटना से बचाव व सुरक्षा की बारीकियों को लेकर हुई एक दिवसीय कार्यशाला**

दुर्ग (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत भिलाई-चरोदा जोन में कार्यालय निरीक्षण के साथ तकनीकी कर्मचारियों हेतु दिनांक 27 नवंबर 2024 को एकदिवसीय विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता तरूण ठाकुर, कार्यपालन अभियंता द्वय बी.के.वर्मा एवं श्रीमती अनसुईया ठाकुर मुख्य रुप से उपस्थित हुए। आयोजित कार्यशाला में कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग एवं स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तनाव रहित कार्य करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में संभागीय कार्यालय भिलाई पूर्व के जोन कार्यालयों के सभी तकनीकी एवं एफओसी कर्मचारी शामिल हुए।

मुख्य अभियंता श्री जामुलकर ने तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आपसी सामंजस्य से तनाव रहित होकर कार्य करने की सलाह दी। श्री जामुलकर ने कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। ज्यादातर हादसे छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर ही बिजली का कार्य करना चाहिये।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के.मेश्राम ने कर्मचारियों को आपस में संवाद स्थापित करके एवं सुरक्षा जोन बनाकर कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने मैदानी अमलों को सुरक्षा उपकरणों जैसे डिस्चार्ज रॉड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करें और खराब होने पर तत्काल बदलें। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा मैदानी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार इनका उपयोग करना है इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया।

कार्यक्रम के दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा अपने सुरक्षा संबंधित अनुभवों एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को भी साझा किया गया। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों को सुरक्षित ढंग से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में सहायक अभियंता श्री आर.एल. सिन्हा, श्री एम.के. लहरे, दीक्षांत चुरेन्द्र, रूपेश साहु एवं कनिष्ठ अभियंता एन. कुर्रे तथा संभागीय कार्यालय भिलाई पूर्व के सभी कनिष्ठ अभियंता एवं जोन कार्यालयों के सभी तकनीकी एवं एफओसी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-7-8
370-0 144-9
राजधानी
3-4-9
133-7 366-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# केतुराम देवांगन का निधन



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम देवरी सांकरदाहरा निवासी केतुराम देवांगन का निधन 26 नवम्बर मंगलवार को हो गया है. वे क्षेत्र के प्रतिष्ठित किसान नेमीचंद देवांगन व रामचंद देवांगन के पिता हैं. श्री देवांगन अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 10 दिसम्बर तक वार्डों में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अक्टूबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डों में 20 नवम्बर 2024 से 10 दिसम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 30 नवम्बर को रानी जोतकुंवर वार्ड नं. 50 के लिये सार्वजनिक मंच गौठान सिंगदई में व शिवनाथ वार्ड नं. 51 के लिये सामुदायिक भवन हरदी में, 2 दिसम्बर को राजीव वार्ड नं. 42 के लिये पार्षद कार्यालय राजीव नगर में, सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के लिये आंगनबाड़ी भवन फिरंतीन मंदिर के पास बसंतपुर में व बसंतपुर वार्ड नं. 46 के लिये सामुदायिक भवन हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर में एवं 3 दिसम्बर को गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 के लिये व सर्किट हाउस वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में तथा झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये सामुदायिक भवन झुलेलाल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा।

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अक्टूबर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।


**न्यायालय तहसीलदार गंडई जिला खैरागढ़, छुईखदान, गंडई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

साकिन कोपेभाठा प.ह.नं.08

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ तहसील गंडई जिला-खैरागढ़, छुईखदान, गंडई (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कोपेभाठा प.ह.नं.08 स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 276/1 रकबा 0.040 हे.में से 0.10 डिसमील भूमि को मासिक मीटिंग / संगठन राज्य स्तर के कार्यकम हेतु भवन की आवश्यकता हेतु भूमि की मांग करने सबंधी आवेदन माननीय कलेक्टर महोदय खैरागढ़, छुईखदान, गंडई को प्रस्तुत करने से मान. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गंडई-छुईखदान के माध्यम से इस न्यायालय को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएवं उपरोक्त भूमि को कोटवार संघ को दिये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ती हो तो स्वयं अथवा मार्फत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 06.12.2024 को उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ती पेश कर सकते है समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

जारी दिनांक 18/11/2024
पेशी दिनांक 06/12/2024

**तहसीलदार, गंडई**

**कार्यालय, अतिरिक्त, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

ई-मेल rto_rjn.cg@gov.in

**ईश्तहार**

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि वाहन क्रमांक CG08AM5327 मोटर कार श्रीमती नयना ठक्कर पिता श्री जितेन्द्र ठक्कर पता वार्ड नं. 36 चौखड़िया पारा, राजनांदगांव के नाम पर पंजीकृत है। वाहन स्वामी का दिनांक 28/07/2023 को मृत्यु हो चुकी है। वाहन स्वामी की कोई उत्तराधिकारी जीवित नहीं होने के कारण उनकी बहन की बेटा श्री गोपाल साहू पिता प्रणय साहू निवासी वार्ड नं. 36 चौखड़िया पारा जिला राजनांदगांव द्वारा उक्त वाहन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु निर्धारित प्रारूप में शपथपत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

वाहन क्रमांक CG-08/AM5327 मोटर कार श्री गोपाल साहू पिता प्रणय साहू निवासी वार्ड नं. 36 चौखड़िया पारा जिला राजनांदगांव के नाम पर नामांतरण दर्ज की कार्यवाही हेतु जिस किसी को आपत्ति हो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के भीतर दावा आपत्ति हेतु अभ्योदन प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार व मान्य नहीं किया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक/स्थापना अविज्ञप्त/सीधी भर्ती/2024/7591 कबीरधाम दिनांक- 22/11/2024

**// सूचना //**

कार्यालीयन सूचना पत्र क्रमांक/स्था.अवि./सीधीभर्ती/2024/7590 कबीरधाम दिनांक 22/11/2024 के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एवं ड्रेसर ग्रेड 01 के पदों की प्रतिक्षा सूची से चयन किया गया है एवं फार्मासिस्ट ग्रेड 02 पद हेतु अभ्यार्थियों से दिनांक 08.10.2024 से 17.10.2024 तक ऑनलाईन ईमेल आई-डी cmho12Kabirdham@gmail.com के माध्यम से दावा-आपत्ति मंगाया गया था। अभ्यार्थियों से प्राप्त दावा-आपत्ति का जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा निराकरण करते हुए प्रारंभिक मेरिट सूची जारी किया गया है। जो जिले के वेबसाईट http://Kawardha.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in पर अपलोड एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कबीरधाम छ.ग.

जी- 242504150/2

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
सिंघम अगेन
कलाकार - अजय देवांगन, अक्षय कुमार, टायगर श्राफ, रणवीर सिंग, दिपिका पादुकोण, करीना कपुर आदि






ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनने से सरजूराम का हुआ सपना पूरा

## सरकार ने परिवार के मुखिया की तरह हमें सुरक्षित रखने दिया पक्का मकान

राजनांदगांव (दावा)। परिवार के मुखिया का सपना होता है कि वे अपने परिवार को सुरक्षित और स्वस्थ रखे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत श्री सरजूराम साहू का पक्का मकान बनने से उनका परिवार सुरक्षित और स्वस्थ महसूस कर रहा है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मुड़पार निवासी श्री सरजूराम साहू ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य शासन ने एक परिवार के मुखिया की तरह हमें सुरक्षित रखने के लिए पक्का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उपलब्ध कराया है। इससे हमारा परिवार सुरक्षित एवं स्वस्थ महसूस कर रहा है। श्री सरजूराम साहू ने कहा कि पक्का मकान बनाने की एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी, जो प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पूरा हुआ। उन्होंने बताया कि वे आर्थिक परिस्थिति अच्छी नहीं होने के कारण पक्का मकान नहीं बना पा रहे थे।

- पक्का मकान में सरजूराम का परिवार सुरक्षित और स्वस्थ
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को दिया विशेष धन्यवाद



सरजूराम साहू ने बताया कि उनके परिवार में 5 सदस्य हैं। उनका परिवार एक कच्चे मकान में जीवन व्यतीत कर रहा था। बरसात के मौसम में मकान में पानी टपकना, मकान में पानी का भराव, आंधी-तूफान में घर के गिरने का डर और जीवन की अन्य कठिनाइयाँ उनके साथ हमेशा जुड़ी रहती थीं। इसके साथ दीवारों में नमी होने से परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य खराब होता था। आर्थिक तंगी के कारण वे पक्का मकान बनाने में असमर्थ थे, लेकिन उनका हमेशा से सपना था कि एक दिन उनके पास भी पक्का मकान होगा, जहाँ उनका परिवार सुरक्षित और आराम से रह सकेगा।

सरजूराम साहू ने बताया कि उनको जब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पक्का मकान बनाने का अवसर मिला, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने तत्काल योजना का लाभ उठाते हुए अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित और मजबूत घर का निर्माण किया। घर में शौचालय का निर्माण किया गया है, जिसका उपयोग किया जा रहा है। इस योजना ने न केवल उनके जीवन की कठिनाईयाँ दूर की बल्कि उनके आत्म-सम्मान और सुरक्षा की भावना को भी बढ़ाया। आज श्री साहू का परिवार एक पक्के मकान में रह रहा है, जहाँ अब बारिश का पानी घर में नहीं घुसता, आंधी-तूफान का डर नहीं है और न ही जीवन की बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता है। वहीं अब दीवारों में सीलन जैसी समस्या से भी निजात मिली है और परिवार को एक खुशनुमा वातावरण मिला है। वे अब अपने घर में आराम से जीवन यापन कर रहे हैं। इसके साथ ही शासन द्वारा निः शुल्क राशन, जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ जल, उनकी पत्नि को मतहारी वंदन योजना से एक हजार रूपए प्रति माह मिल रहा है और शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो रहे है। श्री सरजूराम साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि जिनकी मदद से उनका यह सपना पूरा हो पाया।

# सीईओ जिला पंचायत ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की।




बैठक में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़- छुईखदान-गण्डई के जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंधित अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से शामिल हुए। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी अधिकारियों को विभिन्न योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में प्रगति लाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छता दीदीयों के नियमित मानदेय की व्यवस्था, कचरा संग्रहण की स्थिति, अनुबंध एवं यूजर चार्ज, सामुदायिक शौचालय के सत्यापन, प्रत्येक शनिवार होने वाली स्वच्छता त्यौहार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने सड़कों पर कचरा नहीं करने तथा कचरा नहीं जलाने के संबंध में लोगों को जागरूक करने कहा। उन्होंने ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लान की समीक्षा की और सभी बीसी को स्थल का चयन कर प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने घुमन्तु पशुओं की व्यवस्थापन एवं पैरादान की स्थिति की जानकारी ली।

नेशनल हाईवे में स्थित ग्राम पंचायतों में पशु आश्रय स्थल एवं पशु आहार की व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निर्देश दिए गए। सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संविधान हमारे राष्ट्र की अंतरात्मा है - मधुसूदन यादव



- भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित
- संविधान दिवस पर याद किए गए बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर

राजनांदगांव (दावा)। 26 नवंबर को संविधान दिवस की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा स्थानीय अंबेडकर चौक (स्टेडियम रोड चौक) में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, हर्ष रामटेके, पार्षद मधु बैद, मुकेश ध्रुव, कृष्णा तिवारी, पंकज कुंजरेकर, लाल मुनाई, नरेश कोचर, आशु डेहरिया, बीजेपी अनुसूचितजाति मोर्चा जिला महामंत्री दीपेश शेंडे, पदाधिकारीगण संकेत रामटेके, विनोद भारती, प्रवेश इलामकर, संतोष मेश्राम, महेश महोबे, प्रकाश गोण्डाने, अनिल तुरकने, निखिलेश श्यामकुवर, राहुल मेश्राम और बौद्ध समाज के गणमान्य नागरिकगण उपस्थिति रहे। इस आयोजन का प्रारंभ डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ एवं मोमबत्ती जलाकर किया गया।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने सभी को संविधान दिवस की शुभकामना देते हुए मुख्य रूप से डॉ. आंबेडकर के जीवन चरित्र एवं आदर्श को याद किया। पूर्व सांसद ने संविधान को हमारे राष्ट्र की अंतरात्मा बताते हुए कहा कि संविधान के मार्गदर्शक सिद्धांत हमें प्रगति, न्याय और सद्भाव के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। उन्होंने सभा से अपील करते हुए कहा कि संविधान की भावना का सम्मान करें और भारत को गौरवान्वित करने का प्रयास करें।

# रॉयल किड्स कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस नृत्य और नाटक प्रतियोगिता हुई, जिसमें आजाद हाउस और सुभाष हाउस ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।



वीर की अरदास वीरा के बारे में कुछ बच्चों ने वीरा के रोल में एक अद्भुत प्रदर्शन किया।उन्होंने वीरा की कहानी बहुत ही प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। यह प्रदर्शन बहुत ही प्रेरणादायक था। दर्शकों को बहुत पसंद आया। चाणक्य ने घनानंद से अपने अपमान का बदला लेकर मगध को चंद्रगुप्त के रूप में एक योग्य शासक दिया। और साथ में ही एक अनोखा ड्रामा प्रदर्शन हुआ, जिसमें बच्चों ने तीजन बाई के रोल का अद्भुत प्रदर्शन किया इस ड्रामा में बच्चों ने तीजन बाई के जीवन की कहानी को प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने तीजन बाई के संगीत, नृत्य और अभिनय का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों के प्रदर्शन में दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कुछ बच्चों ने ओड़ीसी और नागालैंड नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बच्चों ने ओडिसी नृत्य की विशेषताओं को दर्शाया है, जैसे कि इसकी अनोखी भावपूर्ण अभिव्यक्तियां।

इस अवसर पर निर्णायकगण के रूप में सुदेश यादव, कु. भावना स्वर्णकार, पंकज सोलंकी ने नृत्य एवं ड्रामा की प्रशंसा करते हुए छात्रों को सुझाव एवं बधाई दी ।निदेशक श्रेयांश बहादुर सिंह के सफल निर्देशन में स्कूल की अध्यक्षा सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह ,बरसर आई के वैष्णव एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, सीबीएसई प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सीजी बोर्ड प्राचार्य श्रीमती सुषमा शुक्ला, गोपाल साहू व शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

आजाद और सुभाष हाउस कि छात्रों ने अपनी अद्वितीय नृत्य और अभिनव से दर्शकों को मोहित किया। डॉ सविता जेबी सिंह ने कहा यह प्रतियोगिता छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट मंच है। श्रेयांश बहादुर सिंह ने कहा हमें अपने छात्रों की प्रतिभा पर गर्व है। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# कुमरदा में बाल अधिकार संरक्षण कार्यशाला



डोंगरगांव (दावा)। हायर सेकेंडरी स्कूल कुमर्दा में गत दिवस 27 नवंबर को बाल अधिकार संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम रासेयो के छात्रों ने मुख्य वक्ता अनिल सिन्हा तथा रूखमणि साहू जिला बाल संरक्षण इकाई राजनादगांव का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया. तत्पश्चात रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बसंत कुमार यादव ने रासेयो द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से स्थानीय स्तर पर बाल संरक्षण, बाल अधिकार, किशोरी बालिका, पोषण आहार आदि पर किए गए गतिविधियों पर जानकारी दिया. तत्पश्चात मुख्य वक्ता अनिल सिन्हा द्वारा बाल अधिकार, लैंगिक का अपराध, बाल संरक्षण अधिनियम तथा बाल संप्रेषण गृह, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बाल अपराध के विभिन्न धारा एवं सजा आदि के बारे में सविस्तार जानकारी दिए. इसी प्रकार रूखमणि साहू ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, गुड टच बेड टच, पास्को बॉक्स, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान तथा शोषण के विरुद्ध कार्यों की जानकारी दिए. इस अवसर पर विद्यालय व्याख्याता टी.आर.पिस्दा, रामकलिंद भुआर्य, वीरेंद्र वैष्णव, बसंत यादव, मनोज शर्मा, भारती यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुर्गाबाई, तामिन साहू समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे.

# रॉयल कराते एकेडमी को नेशनल हैदराबाद में गोल्ड मेडल

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल कराते एकेडमी को नेशनल लेवल पर हो रहे। ऑल इंडिया कराते ओपन चैम्पियनशीप 22,23,24 नवम्बर हैदराबाद करीम नगर में आयोजित हुआ जिसमें चीफ गेस्ट सिनेमा अभिनेता डॉ. सुमन तलवार सर व बाहुबली फिल्म के हीरो प्रभास की माताश्री उपस्थित रही।



चैम्पियनशीप के ऑर्गनाईजर शिहान श्रीनिवास व टैक्नीकल डॉयरेक्टर शिहान जयदेव शर्मा सर व रेफरी चेयरमेन के पद पर शिहान आदिल खान थे। जिसमें राजनांदगांव से छ.ग. को रॉयल कराते के बच्चों का चयन हुआ ये बच्चों ने प्रदेश का नाम व अपने प्रशिक्षक के सिखाए हुए कराते के गुणों दिखाते हुए सभी वर्ग में मेडल हासिल किया। जिसमें सीनियर वर्ग में काता/कुमिते (फाइट) में कामिल खान ने गोल्ड मेडल हासिल किया। ओम ठाकुर ने कैडिट में काता/ कुमिते में गोल्ड मेंडल हासिल किया, जूनियर वर्ग में पृथ्वीराज निर्मलकर ने कुमिते में सिल्वर मेंडल व काता में गोल्ड मेंडल हासिल किया, उसी प्रकार आदि वर्मा ने अपने वर्ग में काता में ब्राउंज व कुमिते में ब्राउंज मेंडल हासिल किया। बालिकाओं में वीनु वर्मा ने अपने वर्ग में काता में ब्राउंज मेडल व कुमिते में सिल्वर मेंडल हासिल किया व फ्लोरेंस मसीह ने काता में बाउंज मेंडल व कुमिते में ब्राउंज मेंडल हासिल किया। बच्चों के इस उपलब्धि के लिए छ.ग. कराते के महासचिव शिहान अविनाश शेट्टी व छ.ग. अध्यक्ष शिहान सुशील चंद्रा व कराते एसोसिएशन के सभी गुरूजनों ने रॉयल कराते एकेडमी के बच्चों व उनके प्रशिक्षक शिहान आदिल खान सर छ.ग. उपाध्यक्ष/ रेफरी चेयर मैंन व कोच रॉयल कराते एकेडमी राजनांदगांव को बधाई दी है व बच्चों के लिए उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया है।

राजनांदगांव कराते एसोसिएशन के सभी पदाधिकारीगण व सभी खेल जगत के गुरूजनों के आशीर्वाद दिया। कराते के जगत में राजनांदगांव के बच्चों ने हैदराबाद में भी राजनांदगांव का डंका बजाया है व मेडल हासिल करने से शहर में उत्साह का वातावरण है।

# टेड़ेसरा में भाजपा की बूथ कमेटी गठित



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान के पश्चात बूथ कमेटी गठन 15 से 30 नवंबर तक करनी है, जिसके तहत जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला चुनाव अधिकारी संतोष अग्रवाल, मंडल प्रभारी सावन वर्मा एवं मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर के नेतृत्व में आज टेडेसरा शक्ति केंद्र के ग्राम टेड़ेसरा में बूथ कमेटी का गठन किया गया। जिसमें बूथ क्रमांक 214 में फूल किशोर चौधरी, बूथ क्रमांक 215 में अवधेश मिश्रा, बूथ क्रमांक 216 में श्यामलाल गुप्ता और बूथ क्रमांक 217 में जगदेव साहू बूथ कमेटी के नवीन अध्यक्ष चुने गए।

सभी नए अध्यक्षों को चुनाव अधिकारी मनोज साहू (मंडल महामंत्री) ने निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया। साथ में बूथ कमेटी के कुल 12 सदस्यों का निर्वाचन भी किया गया। बूथ कमेटी निर्वाचन में प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र के प्रभारी खिलेश्वर साहू, संयोजक संदीप साहू, सहसंयोजक अजय साहू, हेमदीप साहू, प्रमुख रूप से शिबू यादव, शैलेंद्र साहू, शत्रुहन मानिकपुरी और संध्या पांडे सहित बूथ कमेटी की सदस्य उपस्थित थे।

# एकीकृत किसान पोर्टल में कैरीफारवर्ड व पंजीयन के लिए 2 दिसम्बर तक दिया गया अतिरिक्त समय

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना शुरू की गई है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषकों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में किया जाना आवश्यक है। उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि खरीफ वर्ष 2024 में एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल एवं रकबे में संशोधन कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। कृषकों की मांग अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल में कैरीफारवर्ड व पंजीयन तथा पंजीकृत फसल व रकबे में संशोधन सहित अन्य कार्य के लिए 2 दिसम्बर 2024 तक अतिरिक्त समय दिया गया है। किसानों से पोर्टल में राजस्व ग्राम वनाधिकार पट्टा, वनग्राम एवं असर्वेक्षित ग्राम तथा संस्थागत, रेगहा, बटाईदार, लीज, डुबान क्षेत्र के कृषकों को कैरीफारवर्ड व पंजीयन करने की अपील की गई है।

# गोवा में आयोजित ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट में स्वामी आत्मानंद स्कूल के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयन

डोंगरगढ़ (दावा)। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के खिलाड़ियों ने विगत दिनों गोवा के वास्कोडिगामा शहर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया।20 सितंबर को आयोजित आठवीं राष्ट्रीय ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ से अंडर 17 व अंडर 19 की दो टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें स्वामी आत्मानंद विद्यालय के सात छात्र सम्मिलित थे। छत्तीसगढ़ की टीम ने इस टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें विद्यालय के सुमित मेश्राम कक्षा 12 को बेस्ट बॉलर के अवार्ड के लिए चुना गया। जनवरी में भूटान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंडर 19 में भारतीय टीम के लिए चयनित हुआ।

कक्षा 12 वीं के छात्र पुरुषोत्तम मंडावी,एवं कक्षा 9 वी के छात्र भोलाराम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



इसी तरह अंडर 17 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल के विक्की वर्मा कक्षा 9 वीं, सोहेल खान कक्षा 9 वीं, रोनित दास साहू 9 वीं, पुलकित धुर्वे 8वीं ने टूर्नामेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ के साथ ही साथ डोंगरगढ़ का नाम भी रोशन किया। छत्तीसगढ़ टीम के सेक्रेटरी अशोक मेहरा, कोच तरुण कुमार साहू का पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम को मार्गदर्शन व सहयोग रहा। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य वाय.एस. राव ने प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कांग्रेस पूरे 60 दिन तक मनाएगा संविधान रक्षक अभियान - भागवत साहू

## कहा - भारतीय संविधान लागू हुई 75 साल होने के उपलक्ष में कांग्रेस की रचनात्मक मुहिम

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय संविधान के 75 वर्ष होने के उपलक्ष में पूरे देश में संविधान दिवस मनाया जाने के बाद कांग्रेस अब संविधान रक्षक अभियान 26 नवंबर से 26 जनवरी तक याने पूरे 60 दिन के लिए चल रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि इस 2 महीने के अभियान में पांच प्रमुख विषयों को आम जनता के समक्ष रखा जाना है और प्रत्येक विषय के लिए 10 दिन की अवधि निर्धारित है। श्री साहू ने सभी पांच विषय की जानकारी इस प्रकार दी है।

1. संविधान और समानता की लड़ाई रायपुर - भारत में असमानता और इसे संबोधित करने में भाजपा की विफलता पर ध्यान दें। एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों, गैर-अधिसूचित जनजातियों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ, हाशिए पर रहने वाले समुदायों की स्थिति खराब करने वाली नीतियों को उजागर करें।



2. संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुरक्षा - जाति जनगणना की वकालत, आरक्षण व्यवस्था पर भाजपा के हमलों और उनकी भेदभावपूर्ण विचारधारा को उजागर करें।

3. भेदभाव का उन्मूलन एक प्रमुख संवैधानिक मूल्य - अल्पसंख्यकों, एससी, एसटी और ओबीसी को निशाना बनाने वाली भाजपा की विभाजनकारी राजनीति पर प्रकाश डालें।भाजपा के व्यवस्थित भेदभाव को प्रदर्शित करने वाले डेटा और व्याख्यान प्रदान करें।

4. पूंजीवादी सरकार गरीबों के संविधान के विरुद्ध - आम लोगों की कीमत पर कुछ पूंजीपतियों के प्रति भाजपा की पक्षपात को उजागर करें। भाजपा के शासन में बढ़ी आर्थिक असमानता पर प्रकाश डालें।

5. लोकतंत्र और संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता को बचाएं - अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, एजेंसियों के दुरुपयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण पर भाजपा के हमलों को संबोधित करें। भारत को अधिनायकवादी राज्य बनने से बचाने की आवश्यकता पर जोर दें।

जिला एवं ब्लाक स्तर पर संविधान रक्षक अभियान का शुभारंभ 26 नवम्बर 2024 से करते हुये आगामी 26 जनवरी 2025 तक उपरोक्त दिये गये विषयों पर स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमो का आयोजन करे और कार्यक्रम में जिला प्रभारी पदाधिकारी, स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद / पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक / पूर्व प्रत्याशी / पूर्व विधायकों, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष / पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन / प्रकोष्ठ / विभाग के जिला / ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षिति सदस्यों, नगरीय निकाय/ त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति सुनिश्चित करे साथ ही विशेष रूप से एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों, गैर-अधिसूचित जनजातियों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित हाशिए पर रहने वाले समुदाय को शामिल करते हुये रैलिया, घर-घर पहुंचकर, मिडिया और स्थानीय स्तर पर विभिन्न चर्चाओ के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यक्रम को सफल बनावे।

## अनमोल दावा

**ईश्वर का रूप केवल उतना ही नहीं जितना हम और आप समझते हैं, सृष्टि के हर कण में परमात्मा की उपस्थिति होती है।**

# चिंतित करता बांग्लादेश, हिंदुओं के उत्पीड़न से आंखें मूंद रहा

अल्पसंख्यकों का सिलसिलेवार उत्पीड़न किसी देश का आंतरिक मामला नहीं हो सकता। यह किसी से छिपा नहीं कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से किस तरह हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। उन्हें केवल आतंकित ही नहीं किया जा रहा है बल्कि उनके धार्मिक स्थलों व्यावसायिक ठिकानों पर इस इरादे से हमले किए जा रहे हैं कि वे अपना घर-बार छोड़कर भाग जाएं। यह अच्छा हुआ कि भारत ने पिछले दिनों ढाका में गिरफ्तार किए गए हिंदू समुदाय के नेता और इस्कान के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की एक मनगढ़ंत आरोप में गिरफ्तारी पर बांग्लादेश के समक्ष अपनी आपत्ति और चिंता व्यक्त की, लेकिन इसमें संदेह है कि इतने मात्र से उसकी सेहत पर कोई असर पड़ेगा। इसके आसार इसलिए नहीं, क्योंकि भारत की चिंता के जवाब में बांग्लादेश ने चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को अपना आंतरिक मामला बता दिया। बांग्लादेश को इसकी इजाजत नहीं दी जानी चाहिए कि वह हिंदुओं के उत्पीड़न से आंखें मूंदे रहे और यदि उसके रवैये पर सवाल उठें तो वह उसे अपना आंतरिक मामला बता दे। अल्पसंख्यकों का सिलसिलेवार उत्पीड़न किसी देश का आंतरिक मामला नहीं हो सकता। यह किसी से छिपा नहीं कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से किस तरह हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। उन्हें केवल आतंकित ही नहीं किया जा रहा है, बल्कि उनके धार्मिक स्थलों, व्यावसायिक ठिकानों पर इस इरादे से हमले किए जा रहे हैं कि वे अपना घर-बार छोड़कर भाग जाएं। इससे भी गंभीर बात यह है कि हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वालों पर कहीं कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उलटे उन कट्टरपंथियों और जिहादी तत्वों को पोषित किया जा रहा है, जो हिंदुओं को आतंकित कर रहे हैं। यह एक तथ्य है कि नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने तमाम कट्टरपंथियों और यहां तक कि जिहादियों को भी जेल से रिहा किया है। उन्होंने ऐसे कई अतिवादी संगठनों को भी राहत दी है, जिन पर शेख हसीना सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा था। सबसे खतरनाक बात यह है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार कहे जाने वाले मोहम्मद यूनुस हिंदुओं पर अनगिनत हमलों को बांग्लादेश के खिलाफ आधारहीन दुष्प्रचार करार दे रहे हैं। यह तब है, जब कई देशों के नेता हिंदुओं पर हमले को लेकर चिंता व्यक्त कर चुके हैं। इनमें डोनाल्ड ट्रंप भी हैं।

मोहम्मद यूनुस न तो जल्द चुनाव कराने में कोई दिलचस्पी दिखा रहे हैं और न यह स्पष्ट कर पा रहे हैं कि वह किसकी सरकार के मुख्य सलाहकार हैं? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि बांग्लादेशी सेना उनका इस्तेमाल अपने मुखौटे की तरह कर रही है और वह भी उसकी कठपुतली बनने को तैयार हैं। बांग्लादेश अपने बचे-खुचे सेक्युलर स्वरूप को नकार कर जिस तरह पाकिस्तान की तरह कट्टर इस्लामी देश बनता जा रहा है, वह भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय बनना चाहिए। वहां इस्लामी कट्टरता बढ़ने का मतलब है हिंदुओं के उत्पीड़न का सिलसिला तेज होना और उनके पलायन की नौबत आना। सच तो यह है कि तमाम बांग्लादेशी हिंदू भारत आने को तैयार हैं। ऐसा इसीलिए है, क्योंकि वहां के हालात उनके प्रतिकूल होते जा रहे हैं। ऐसे में भारत को बांग्लादेश पर दबाव बनाने के लिए सक्रिय होना चाहिए।

# राजस्थानः अजमेर दरगाह में शिव मंदिर के दावे पर कोर्ट का नोटिस

**मोहर सिंह मीणा**

राजस्थान में अजमेर की एक कोर्ट ने हिंदू सेना की उस याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है जिसमें दावा किया गया है कि ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह एक शिव मंदिर के ऊपर बनी है.

कोर्ट ने पक्षकारों को नोटिस भी जारी किए हैं. अजमेर वेस्ट सिविल जज सीनियर डिवीजन मनमोहन चंदेल की कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए 27 नवंबर को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, दरगाह कमेटी और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को नोटिस जारी किया है.

हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने रिटायर्ड जज हरबिलास सारदा की क़िताब समेत मंदिर होने के तीन आधार बताए हैं और मंदिर में पूजा-पाठ करने की अनुमति देने की मांग की है. जबकि,अजमेर दरगाह के प्रमुख उत्तराधिकारी और ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के वंशज सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने याचिका को सस्ती लोकप्रियता पाने का स्टंट बताया है.

विष्णु गुप्ता ने दरगाह में मंदिर होने के अपने दावे के पीछे तीन आधार बताए हैं. वो अपने दावे के पहले आधार के बारे में कहते हैं, अंग्रेजी शासनकाल में अजमेर नगर पालिका के कमिश्नर रहे हरबिलास सारदा ने 1911 में लिखी अपनी किताब में दरगाह के मंदिर पर बने होने का ज़िक्र किया है. हमने उनकी किताब को आधार बनाया है.

दूसरे दावे के आधार के बारे में उन्होंने कहा, हमने अपने स्तर पर शोध किया और किताब की जानकारी के आधार पर दरगाह में जाकर देखा है. दरगाह की संरचना हिंदू मंदिर को तोड़कर बनाई गई है. दरगाह की दीवारों और दरवाजों पर बनी नक्काशी हिंदू मंदिरों की याद दिलाती है.अपने दावे के तीसरे आधार के बारे में उन्होंने कहा, अजमेर का हर एक शख़्स जानता है और उनके पूर्वज भी बताते रहे हैं कि वहां शिवलिंग होता था. लोगों का कहना है कि यहां हिंदू मंदिर हुआ करता था.विष्णु गुप्ता कहते हैं, दरगाह में असल में संकट मोचन महादेव मंदिर था और हमने मांग की है कि दरगाह का यदि कोई रजिस्ट्रेशन है तो उसे रद्द करते हुए इसे संकट मोचन महादेव मंदिर घोषित किया जाए. हमें वहां पूजा-पाठ करने का अधिकार दिया जाए. विष्णु गुप्ता ने दावा किया, दरगाह में बने तहखाने को बंद किया हुआ है. सर्वे होगा तो सारी सच्चाई सामने आ जाएगी.विष्णु गुप्ता ने साल 2011 में हिंदू सेना की स्थापना की थी. ये संगठन हिंदुत्व के मुद्दे उठाने के लिए चर्चाओं में रहता है.विष्णु गुप्ता हिंदुओं से जुड़े मामलों पर अपनी टिप्पणियों को लेकर पर पहले भी चर्चा में रहे हैं.बीते दिनों उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मुसलमानों से अल्पसंख्यकों का दर्जा वापस लेने की मांग की थी. इससे पहले, साल 2022 में उन्होंने पीएफआई संगठन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी. कोर्ट ने दरगाह कमेटी को भी नोटिस जारी किया है. अजमेर दरगाह में बीते कुछ साल से दरगाह नाजिम की नियुक्ति नहीं हुई है.इसलिए दरगाह नाजिम का अतिरिक्त चार्ज अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के डिप्टी सेक्रेटरी मोहम्मद नदीम के पास है.मोहम्मद नदीम बीबीसी से कहते हैं, अभी हमारे पास कोर्ट का नोटिस नहीं आया है. कोर्ट का नोटिस आने के बाद हम उसे एग्जामिन करेंगे और फिर कानूनी रूप से आगे की कार्रवाई करेंगे.अजमेर दरगाह के प्रमुख उत्तराधिकारी सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती बीबीसी से फोन पर कहते हैं, हम अपने वकीलों से राय ले रहे हैं कि हम क्या कर सकते हैं. कानूनी रूप से हम अपना पक्ष रखेंगे.सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती इसे सस्ती लोकप्रियता पाने का स्टंट बताते हुए कहते हैं, आय दिन लोग आकर खड़े हो जाते हैं और याचिका लगाते हैं या दावा करते हैं कि किसी मस्जिद या दरगाह में मंदिर है, ये गलत परिपाटी डाली जा रही है.



नसीरुद्दीन कहते हैं, 1911 की जिस किताब के आधार पर ये दावा कर रहे हैं, उस किताब की कोई विश्वसनीयता नहीं है. सौ साल पुरानी किताब की बुनियाद पर साढ़े आठ सौ साल के इतिहास को नहीं झुठलाया जा सकता है.मंदिर पर दरगाह बने होने दावे के बाद से ही ये मामला देश भर में चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है.बीते दिनों देश के कई राज्यों में हुए मंदिर-मस्जिद विवाद के बाद कई घटनाएं और उग्र प्रदर्शन भी सामने आए हैं.राजस्थान में भी इस याचिका के बाद माहौल में गर्माहट है. इस मामले से शांति व्यवस्था को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.अजमेर ज़िला पुलिस अधीक्षक (एसपी) वंदिता राणा बीबीसी से कहती हैं, हम लगातार सभी समाजों से बातचीत कर रहे हैं. मामला कोर्ट में है, तो कोर्ट अपनी प्रक्रिया के तहत निर्णय लेगा. लेकिन, हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि शांति व्यवस्था न बिगड़े.प्रदेश के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, आपसी सौहार्द बना रहे और शांति व्यवस्था कायम रहे, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती मानते हैं कि समाज को एकजुट होने की ज़रूरत है, लेकिन इस तरह की याचिकाओं और दावों से कुछ लोग समाज में अराजकता फैलाने का काम कर रहे हैं.वो कहते हैं, ये लोग सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में जो काम कर रहे हैं, उनको नहीं मालूम कि वे देश को कितनी गलत दिशा में ले जा रहे हैं. समाज को एकजुट होने की ज़रूरत है. कब तक ये लोग मंदिर-मस्जिद के विवाद खड़े करते रहेंगे.नसीरुद्दीन कहते हैं, ख़्वाजा साहब के दरबार का साढ़े आठ सौ साल का इतिहास है. इन आठ सौ सालों में जयपुर, जोधपुर, कोटा, ग्वालियर समेत सभी राजाओं का दरगाह से लगाव रहा और वे दरगाह से जुड़े रहे. यदि ऐसा होता तो सबसे पहले एतराज वे लोग करते.केंद्र सरकार से अपील करते हुए सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती कहते हैं, प्लेसेज ऑफ़ वर्शिप एक्ट 1991 को और मजबूत किया जाए. धार्मिक स्थलों को लेकर 1947 से पहले के जो विवाद चल रहे हैं, उनको अलग रखा जाए. उसमें जो भी कोर्ट के फैसले होंगे, उनका हमेशा की तरह सम्मान होगा. लेकिन ये लोग नए विवाद खड़े न करें.

विष्णु गुप्ता ने अपने दावे के पीछे हरबिलास सारदा की किताब को बड़ा आधार बनाया है.साल 1911 में हरबिलास सारदा ने अजमेरः हिस्टोरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव नाम से एक किताब लिखी थी. 206 पन्नों की इस किताब में कई टॉपिक शामिल हैं.किताब में दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का भी एक चैप्टर है, जिसके पेज संख्या 97 के पहले पैराग्राफ में दरगाह में महादेव मंदिर होने का ज़िक्र है। अंग्रेजी में लिखी इस किताब में हरबिलास सारदा इसके बारे में जो लिखते हैं, उसका हिंदी अनुवाद है, परंपरा कहती है कि तहखाने के अंदर एक मंदिर में महादेव की छवि है, जिस पर हर दिन एक ब्राह्मण परिवार द्वारा चंदन रखा जाता था, जिसे अभी भी दरगाह द्वारा घड़ियाली के रूप में रखा जाता है. याचिका में इसी को आधार बनाया गया है. सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती इस किताब की प्रामाणिकता (ऑथेंटिसिटी) पर सवाल खड़े करते हैं. वो कहते हैं, जितनी भी ऐतिहासिक किताबें हैं, जिनके लेखक हिंदू और मुस्लिम दोनों रहे हैं, उन्होंने अजमेर दरगाह के बारे में ऐसा कोई ज़िक्र नहीं किया है. दुनिया के हिंदू और मुस्लिम सभी की आस्था का केंद्र अजमेर दरगाह है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 326 : श्रृंगवेरपुर में समय ठहर गया है, प्रजा घर जाने को तैयार नहीं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम, सीता जी, लक्ष्मण जी और निषाद राज के मध्य बहुत देर तक आत्मीय चर्चा होती रही। थोड़ी ही देर में रात गहरा जाएगी।

श्रृंगवेरपुर के निवासियों का श्री राम के प्रति प्रेम उन्हें वहां से प्रस्थान करने नहीं दे रहा है। अंततः श्रीराम ने ही सबसे अनुरोध किया, ''प्रिय श्रृंगवेरपुर निवासियों ! अब रात्रि होने वाली है अतः आप सब अपने - अपने घरों को लौट जाएँ। आप सब आनंदपूर्वक रहें। अयोध्या राज्य की शुभकामनाएं आपके उदारमना नरेश और आप सबके प्रति सदैव रहेंगी।''

प्रस्थान के समय एक छोटी बालिका ने कौतूहल और अपनेपन से सीता जी का स्पर्श करते हुए कहा,

''क्या आप प्रकृति देवी हैं?''

''नहीं !''

''मैं तो एक साधारण नारी हूं। पर तुमने ऐसा क्यों समझा?''

''क्योंकि आप बहुत सुंदर हैं और देवियां ऐसे ही रहती होंगी।''

''धन्यवाद !''

''अगर आप साधारण नारी हैं तो इस तरह घनघोर वनों की ओर क्यों जा रही हैं? आप यहीं रहिए हमारे साथ। हमारे नगर में और जब श्री राम और लक्ष्मण जी लौटकर वापस आएंगे तो आपको यहां से ले लेंगे।'' उस बालिका ने बड़े भोलेपन से कहा।

''अच्छा तो मैं यहां रहूंगी कहां?'' सीता जी ने पूछा।

''मेरे घर में।आज से मेरी सभी वस्तुएं आपकी हो गईं। मैं आपको किसी भी वस्तु की कोई कमी नहीं होने दूंगी।'' बालिका ने सहज ही उत्तर दिया।

सीता जी ने स्नेह से उस बालिका के सिर पर हाथ फेरा और वापसी में उससे भेंट की इच्छा व्यक्त की।प्रजा ने धीरे-धीरे श्री राम का अभिवादन करते हुए वहां से प्रस्थान किया।

निषाद राज अभी भी अपने आसन पर बैठे हुए हैं और श्री राम के कहने पर भी वापस जाने को तैयार नहीं हैं।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

# लालच का पैसा

''क्या जमाना आ गया है ?
कह कर,
एक लम्बी सांस भर कर
बानी बोले- ''गजाधर!
भ्रष्टाचारजन्य महंगाई से
घर-गृहस्थी वाले परेशान हैं।
उन सबके जी हलाकान है।
लेकिन हम सुनते हैं,
कि जिम्मेदार अफसर
भ्रष्टों की मदद करते हैं।
तो गजाधर ! हमें बताइए
कि कारण क्या है कि अफसर
उनकी मदद में जुटे रहते हैं''
गजाधर मुस्कराएं, बोले-
'' बानी! उसका कारण है एक,
इसे समझो ऐसा,
और वह है- लालच का पैसा''



– गिरीश बख्शी

## स्मृतियां - 18

# संकुल समन्वयन प्रणाली

राजनांदगांव जिले में संचालित 'जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम' की उपलब्धियां अनन्त है। प्राथमिक शिक्षा के लोक व्यापीकरण, अर्थात बसाहट में एक कि.मी. में प्राथमिक शिक्षा की सुविधा, के साथ ही अनेक नई संरचनाएं शुरू हुई। जिनमें से एक है संकुल समन्वयन प्रणाली। जिसके तहत विकासखण्ड में कुछ संकुल बनाए गए हैं जो अपने अधीन प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं को शैक्षिक समर्थन उपलब्ध कराती हैं।

दूर-दूर अलग-थलग पड़े शालाओं के बीच तालमेल एवं गुणवत्ता सुधार के लिए यह प्रणाली विकसित की गई है। पहले यह प्रणाली प्रभावी तरीके से काम करती थी। किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से इसमें गतिरोध आ गया।

मुझे याद है जिले की संकुल बैठक के बाद विकासखण्ड बैठक और उसके बाद जिला स्तरीय बैठक के बाद प्रतिवेदन तैयार कर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर भेजा। वे देख/पढ़कर अत्यंत प्रभावित हुए और, सीधे राज्य स्तर पर टीम गठित की गई और जिलों में जाने का निर्देश दिया गया। एक सज्जन राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय आए। जबकि उन्हें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ में बैठक लेना चाहिए थी। उस बैठक में उन्होने अपनी स्वयं की प्रकाशित पुस्तके प्रत्येक विकास खण्ड समन्वयक को दे दी , इस निर्देश के साथ कि विकासखण्ड में जितने शिशु शिक्षा केन्द्र हैं उनसे प्रति केन्द्र 10 रू वसूल कर अगली बैठक में लाने को कहा। विकासखण्ड समन्वयकों ने मुझे शिकायत की कि जिले में ऐसा तो पहले कभी नही हुआ। मुझे अत्यंत बुरा लगा। मैंने सीधे संचालक को शिकायती पत्र लिख दिया। फिर क्या था नए-नए लोग और वो कार्य टल गया। उसके बाद पूरे राज्य में शालाएं भगवान भरोसे चल रही है। तंत्र में कोई नही, उसकी देखभाल करने वाला।

आज पूरे राज्य में प्रत्येक जिले की सभी शालाएं अपनी मन मर्जी से बिना किसी देखभाल/समर्थन के बस चल रहीं हैं। जिस पर राज्य/जिला स्तर से कोई नियंत्रण/मार्गदर्शन या समर्थन का सर्वथा अभाव है। जिले भर के सभी संकुल शैक्षिक समन्वयकों की प्रमुख शिकायत गैर शिक्षकीय कार्याधिक्य की है। पूर्व अध्ययन में यह कारण निराधार पाया गया था। जबकि शालाओं को वांछित शैक्षिक समर्थन का मूल उद्देश्य कहीं खो गया है। जाने कब यह स्थिति सुधरेगी ?




युगल किशोर तिवारी

## लघुकथा

# संविधान दिवस

धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य भारत का संविधान विश्व का विशाल लोकतांत्रिक संविधान, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भूल अधिकार-समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरूद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, शिक्षा एवं संस्कृति तथा अवसर की समानता का अधिकार, मौलिक अधिकारों के हनन पर न्यायालय जाने का अधिकार, करें सब का न्यायोचित आदर सम्मान, संविधान में कही गई बातों का करें पालन, करें राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रगान का सम्मान, राष्ट्रसेवा हो प्रथम कर्त्तव्य, राष्ट्र की उन्नति में हमारा, देश की संस्कृति एवं धरोहरों की करें रक्षा हित है, विश्वबंधुत्व एवं सहयोग की भावना रखें, पर्यावरण की रक्षा करना हमारा परम कर्त्तव्य हो। धर्मनिरपेक्ष संविधान में करें सभी धर्मों का आदर एवं सम्मान करें सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा, स्कूल, अस्तताल, रेल, डाकघर, नलजल को न करें नुकसान, माता-पिता, अभिभावकों का कर्त्तव्य हो 14 वर्ष के बच्चों को शिक्षा का अवसर देना, संघसूची-रक्षा, रेल्वे, डाक, सूचना, आयकर आदि है। राज्य सूची-राज्यों की आवश्यकतानुसार कानून बनाना, समवर्ती सूची-शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात एवं केन्द्र की राष्ट्रीय अनुसूची। भारत के संविधान में अनुच्छेद हैं 446, भाग हैं 26, अनुसूची 12 हैं, महत्वपूर्ण संशोधन 86वाँ, मिला नागरिकों को शिक्षा का अधिकार, धर्म एवं जाति के आधार पर नहीं होगा शोषण, सभी नागरिकों को शिक्षा एवं रोजगार की समानता है। अनुच्छेद 28,29 में अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण है, इन्हें भाषा एवं संस्कृति की रक्षा एवं शिक्षण संस्थान स्थापित करने का है अधिकार, राज्य के नीति निर्देशक तत्व, संविधान के 36 से 51 में दर्ज है। इसमें है गांधी के राम राज्य की संकल्पना, समस्त नागरिकों के लिये सामाजिक, आर्थिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा का किया गया है, लक्ष्य है मेरा भारत का संविधान, मेरा बारंबार नमन एवं प्रमाण।



देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़
9424129646


## शब्द सामर्थ्य - 250



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 249 का हल



## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं।




**वृष राशि**

आज का दिन उत्तम रहने वाला है । करीयर को बेहतर बनाने के लिए किये गये प्रयासों से आपको लाभ होगा। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा । शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा ।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय कर रहे लोग नई-नई योजनाओं को लागू करेंगे, जिससे व्यापार को आगे बढ़ा सके ।



**सिंह**

आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे, एक दूसरे पर विश्वास बढ़ेगा। आज रूका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज आपके कार्यों की प्रशंसा इत्र की तरह महकेगी ।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे अपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओ को घर के कार्यो से राहत मिलेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।




**तुला**

आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनातमक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। जो लोग डांस सीखना चाहते है, वह सोशल मिडिया की मदद से सीखेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा।




**वृश्चिक**

आज का दिन खुशियाँ भरा रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति में मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज किसी अनजान व्यक्ति से दोस्ती करने से बचे, पहले उसके बारे में भली-भांति समझ लें । आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सयोग करेंगें।




**धनु**

आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज छात्रों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। ऑफिस के कार्यों को करते समय फोक्स बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखूबी निभायेंगें । जो लोग प्रॉपर्टी डीलर हैं उनका काम अच्छा चलेगा और रूका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा।




**मकर**

आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी, इससे आपका विचार सकारात्मक बनेगा। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिये फायदेमंद रहेगी।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं वह दिए गए काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज आप दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करेंगे। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनायेगा। कार्यों में परिवार का सहयोग मिलेगा।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

# पालिका अध्यक्ष ने शहरवासियों के मूलभूत सुविधा के लिए स्वीकृत की गई करोड़ों की राशि के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न की

## विकास कार्यो में बाधा उत्पन्न करने वालों को सबक सिखाएगी शहर की जनता- उमा महेश वर्मा एवं अमित छाबड़ा

डोंगरगढ़(दावा)। सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ के 24 वार्डों में से 21 वार्ड में आम जनों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने 3 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। तीन करोड़ के प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने प्रदान कर दी थी। किंतु पालिका में सत्ताधारी कांग्रेस अध्यक्ष सुदेश मेश्राम द्वारा,पी आई सी मेंबरों का सहारा लेकर उक्त स्वीकृत राशि को शासन के पास वापस करने का प्रस्ताव कर दिया गया। जिसे सामान्य सभा की बैठक के पश्चात पुनः कार्यान्वित करने का प्रयास सीएमओ और भाजपा पार्षदों द्वारा किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने 21 अगस्त को अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु 3.00 करोड की अनुदान स्वीकृति प्रदान किये जाने की घोषणा की गई थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 40 कार्यों हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि तीन करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा एवं पालिका में नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि,शहर विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वालों को आगामी नगर पालिका चुनाव में शहर की जनता सबक सिखाएगी।

### होने वाले निर्माण कार्यों से जनता को मिलेगी मूलभूत सुविधा

स्वीकृत राशि से वार्ड क्रमांक 2 पिल्ले आरा मशीन में रोड से वंशी किराना तक सीसी रोड निर्माण 6.76 लाख, वार्ड क्रमांक 2 बोरकर के घर के पास से बहेकर के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 3 में लक्ष्मी फुले के पर से संध्या बाजपेई के घर तक पाइपलाइन विस्तार करण कार्य 2.97 लाख, वार्ड क्रमांक 3 करवला चौक से टिकरा पारा स्कूल तक बी टी रोड निर्माण कार्य 6.79 लाख, वार्ड क्रमांक 4 करबला चौक में बस स्टॉप निर्माण कार्य 7.50 लाख, वार्ड क्रमांक 4 मनीष ग्वाला के घर से मंदिर तक आर सी सी नाली एवं रोड निर्माण 3.20, वार्ड क्रमांक 5 करबला चौक से सत्यम स्वामी के घर तक बी टी रिनिवल कार्य 15.16 लाख, वार्ड क्रमांक तरुण हथेल के घर से अल्पेश बघेल के घर तक बीटी डिनिवल कार्य 21.23 लाख,वार्ड क्रमांक 7 सावन सिंहा से सोमेश्वर सिंहा के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 3.94 लाख, वार्ड कर्मांक 7 ठाकुर राम रामटेके के घर से भागचंद मरकाम के पर तक सीसी रोड निर्माण 2.68 लाख, वार्ड क्रमांक 7 में टेलाल गुरा के घर से अनिल सोनी के घर तक आर सी सी नाली निर्माण 1.06 लाख, वार्ड क्रमांक 3 में राजकुमार के घर से एनिकट तक सीसी रोड निर्माण 4.67 लाख, वार्ड क्रमांक 8 में फारेस्ट नाका से एनीकट ट्यूबलर पोल स्थापना कार्य 7.66 लाख, वार्ड क्रमांक तुमड़ीबोड रोड से नाला तक आर सी सी नाती निर्माण कार्य 2.65 लाख, वार्ड क्रमांक 9 में ईश्वर सहारे से मिसीया बड़ा गार्डन तक बीटी निर्माण कार्य 10.68 लाख, वार्ड क्रमांक 10 राजेश जनबंधू के घर से खान बाडा तक सीसी रोड निर्माण 6.82 लाख, वार्ड क्रमांक 10 सच्चू नदेबर के मर से पटेल के घर भी सी रोड निर्माण कार्य 6,94 लाख, वार्ड क्रमांक 11 छीरपानी मुक्तिधाम में सौंदर्यरीयकरण कार्य 10.71 लाख, वार्ड क्रमांक 11 सतबहिनी मार्ग में ट्यूबलर पोल निर्माण कार्य 10 लाख, वार्ड क्रमांक 13 बसेरा होटल से अंडर ब्रिज तक बीटी रोड निर्माण कार्य 5.04 लाख, वार्ड 13 खालसा स्कूल के पीछे पुलिया निर्माण कार्य 15.81 लाख, वार्ड क्रमांक 15 साहू पारा में रोड निर्माण कार्य 11.54 लाख, वार्ड क्रमांक 16 एक बत्ती पांच रास्ता से जमात मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख, वार्ड क्रमांक 17 कैलाश गोयल से पुलिस क्वाटर तक बीटी रोड निर्माण 7.20 लाख, वार्ड क्रमांक 17 डॉक्टर सम्राट जैन के घर से द्विवेदी के घर तक आर सी सी नाली निर्माण कार्य 1.74 लाख, वार्ड क्रमांक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य सेन पारा 10 लाख, वार्ड क्रमांक 19 भगत सिंह चौक से ओम एसटीडी तक बी टी रोड एवं फुट पाथ निर्माण कार्य 13.27 लाख, वार्ड क्रमांक 20 आईटी बीटी क्वाटर से मेन रोड का आर सी सी नाली निर्माण कार्य 1.52 लाग, वार्ड क्रमांक 20 मोहम्मद जहीर के घर से मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य 1.36 लाख वार्ड क्रमांक 20 पी एचई ऑफिस के सामने से राजू सिंह के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 2.96 लाख, वार्ड क्रमांक 20 बोर तलाव रोड से देव सिन्हा के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 20 में आर बी सिंह के घर के पास सीसी रोड निर्माण कार्य 2.99 लाख वार्ड क्रमांक 20 में मोहन कोटले के घर से हठीले के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 0.81 लाख,वार्ड क्रमांक 20 में जग्गा के घर से नरेश साहू के घर तक आर सी सी नाली निर्माण कार्य 0.89 लाख, वार्ड क्रमांक 20 में जग्गा के घर से बलिराम सिंह के घर तक आर सीसी नाली निर्माण कार्य 1.27 लाख, क्रमांक 21 में अधिवक्ता महेंद्र परिहार के घर से ईदगाह चौक तक आर सीसी नाली निर्माण कार्य 9.40 लाख, वार्ड क्रमांक 21 में अधिवक्ता महेंद्र परिहार के घर से बोर तालाब रोड तक बीटी रोड निर्माण 25.82 लाख, वार्ड क्रमांक 24 में शहीद द्वार से पशुपति नाथ मंदिर से चौथना चौक तक बी टी रोड निर्माण कार्य 34.84 लाख, वार्ड क्रमांक 24 में राजकुमार द्विवेदी के घर से नाला तक आर सीसी नाली निर्माण कार्य 4.50 लाख, इसके अतिरिक्त,विभिन्न वार्डों में बोर खनन एवं पानी टंकी (मोटर पंप सहित) लगाने का कार्य 11.03 लाख के निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई है।



सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा से शहर के 24 वार्डों में से 17 वार्डों में मूलभूत के आवश्यक कार्य हेतु राशि स्वीकृत की गई थी

# पहला कॉलम...

## पीड़िता को मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी एवं मोबाईल को चोरी कर ले गया आरोपी

**आरोपी के खिलाफ दर्ज अपराध धारा- 351( 2 ), 324( 4 ), 305 ( 1 ), 75( 2 ) बीएनएस की अपराध सबुत आरोपी के खिलाफ, गिर. कर भेजा गया ज्युडिशियल रिमांड पर,**

डोंगरगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधि. डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव, निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व क्षेत्र मे चोरी, लुट, अवैध शराब बिक्री, व संवेदनशील मामलो के गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, इसी दौरान दिनांक 05 नवम्बर 2024 को प्रार्थिया थाना हाजिर आकर एक लिखित शिकायत आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि, करीबन 01 साल पुर्व रिश्तेदारों के शादी कार्यक्रम के दौरान हुये जान पहचान का फायदा उठाते हुये, बातचीत के दौरान आरोपी के द्वारा पीड़िता को अवैध संबंध बनाने की बात करता था, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता था, इसी दौरान पीड़िता को नहाने जाते अकेली देखकर आरोपी बुरी नियत से ''तुम मुझसे बात नही करोगी तो मैं तुम्हारे बेज्जती कर दूंगा एवं तेरे पति एवं दोनो बच्चों को जान से मार दूंगा कहकर धमकी दिया एवं पत्थर उठाकर मारने का प्रयास किया जिससे पीड़िता डर कर वहां से भाग गया, आरोपी पीड़िता के घर मे रखे मोबाईल करे चोरी कर ले गया एवं उसी फोन से पीड़िता के पड़ोसी को फोन कर तोड़-फोड़ एवं चोरी के घटना के संबंध मे बताया, कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है । विवेचना के दौरान आरोपी लिखनलाल यादव पिता पूछाराम यादव, उम्र- 24 साल, पता- वार्ड नं. 14 जामसरारकला का पता तलाश, पूछताछ कर जुर्म स्वीकार करने से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का जुर्म अजमानतीय होने से मान. न्यायायालय ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना डोंगरगांव पुलिस स्टॉफ का सराहनीय भूमिका रही है।

## खरीदी केन्द्रों में नहीं मिल पा रही है किसानों को पर्याप्त सुविधा

### किसान कुटीर में भी पर्याप्त सुविधा नहीं



खुज्जी (दावा)। धान खरीदी का एक पखवाड़ा होने जा रहा है पर उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन न होने की वजह से केंद्रों में जगह की कमी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, खुज्जी जिला सहकारी बैंक शाखा के आधीन आठ सेवा सहकारी समितियों के माध्यम किसानों से धान की खरीदी सुचारू रूप से जारी। है जिसके तहत। सेवा सहकारी समिति खुज्जी के खरीदी। केंद्र में अभी तक सात गांव के कृषकों से कुल 4800 क्विंटल, सेवा सहकारी समिति रतन भाट में 13 गांव के 347 किसानों से 13 हजार 4 सौ 26 क्विंटल 80 किलो धान खरीदी हो चुकी है, वहीं किरगी। समिति में 06 गांव के 170 कृषकों से 8412 क्विंटल धान एवं उपार्जन केंद्र ग्राम सोने सरा र में चार गांव के 164 लाभान्वित कृषकों से 7402 क्विंटल 40 किलो धान की खरीदी हो चुकी है, सरकार की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था के बीच अन्न दाताओं से खरीदी तो हो रही है पर कुछ केंद्रों में किसान कुटीर तो बना दिए गए हैं पर ठेके दारो की मन मानी की वजह से अभी तक समितियों को हैंड ओवर नहीं किए गए हैं, और ना ही पेय जल व्यवस्था के लिए टंकी आदि लगाए गए हैं, जिसकी वजह से किसानों एवं खरीदी कार्य में लगे हमालों को बैठने एवं भोजन आदि करने की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

## भेड़ीकला में भूमिहीन हितग्राही के आवास निर्माण का किया भूमिपूजन

राजनांदगांव(दावा)। ग्राम पंचायत भेड़ीकला में आवास योजना के भूमिहीन पात्र हितग्राही जिनका आवास स्वीकृत हो चुका था उन्हें ग्राम पंचायत द्वारा भूमि चिन्हांकित कर 2 हितग्राहियों का आवास निर्माण हेतु भूमिपूजन का कार्य किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच कृष्णा साहू, उप सरपंच अजीत देवांगन, पंचगण- सुकालू साहू, जितेन्द्र देवांगन, बेदराम साहू, योगराज साहू, सुरेंद्र निषाद, देवंतीन देवांगन, मनीषा साहू, नीरा साहू, भानमती बघेल, कुमारी नेताम, पटवारी हेमंत वर्मा, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। हितग्राहियों द्वारा सभी उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों का आभार प्रकट करते हुए हर्ष जताया।

# प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, मैत्री प्रशिक्षित गौ सेवक संघ ने किया अपना कार्य बंद



### पशु चिकित्सा विभाग का कार्य होगा बाधित

डोंगरगांव (दावा)। राज्य में पशु चिकित्सा विभाग में कार्याधारित मानदेय पर कार्य करने वाले कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर अपना काम बंद कर दिया है जिससे पशु चिकित्सा विभाग के कार्य लगातार बाधित होगी. बता दें कि ये कर्मचारी प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, मैत्री और प्रशिक्षित गौ सेवक जो कि विभाग द्वारा प्रशिक्षण लेकर पिछले 25 वर्षों से विभाग में कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकारण, टीकाकरण, पशु संगणना, पशु चिकित्सक शिविर एवं विभाग की सभी गतिविधियों में काम करने वाले कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जनदर्शन में कलेक्टर सहित विभाग उपसंचालक को मासिक निश्चित मानदेय की मांग करते हुए अपने काम बंद करने ज्ञापन दिया है. कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे विगत 25 वर्षों से विभाग में काम कर रहे हैं लेकिन आज तक हमें कभी समय में मानदेय नहीं मिला. यहां तक कि दीवाली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार के मौके पर भी राशि नहीं मिल पाया, ऐसे में उनके परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. जिसके चलते वे अपना काम बंद कर रहे हैं. आज एक मितानिन और पशु सखी को महीने का मानदेय मिलता है, जबकि उनसे कहीं अधिक सेवाएँ उनके व्दारा दी जाती है. ये सभी कार्यकर्ता पशु चिकित्सा विभाग के सहयोगी के रूप में अनवरत सेवाएँ देते हैं और इनके काम में नहीं आने की स्थिति में पशु नस्ल सुधार और पशु संगणना जैसे कार्य प्रभावित होगें. साथ ही पशुपालक किसान को समय में अपने गाय में कृत्रिम गर्भाधान करवाने में काफी दिक्कत हो सकती है. इस दौरान पूनमचंद वर्मा, ओमकार साहू, धर्मेश साहू, टिकेश्वर साहू, खोरबहरा राम यदु, निकालेश निषाद, पूनमचंद, गजेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू, भीषन साहू एवं जिला के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# ग्रामीणजनों ने स्कूल परिसर में सफाई कार्य कर बच्चों को दिया स्वच्छता का संदेश



डोंगरगढ़(दावा)। प्राथमिक शाला भरूहा टोला में संगम महिला ग्राम संगठन समूह की महिलाओं ने शाला परिसर एवं किचन गार्डन की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, तिलक साहू, दिनेश्वरी मंडावी, दीपा साहू, भेदबाई वर्मा, वेनु वर्मा, भारती साहू, लता मंडावी, सावित्रीबाई मंडावी आदि उपस्थित थे।

# गंडई में जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन संपन्न





### संगोष्ठी, पत्रकार परिचय व एकता सहित पत्रकारिता से संबंधित अन्य विषयों पर हुई चर्चा

गंडई पंडरिया(दावा)। प्रेस क्लब गंडई के तत्वाधान में जिला स्तरीय पत्रकार परिचय एवं संगोष्ठी सहित अन्य विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भड़भड़ी जंगल नगर से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित माँ दुरपता मंदिर के समीप वनों से आच्छादित स्थान पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर लगभग 1.00 बजे हुई सर्वप्रथम प्रेस क्लब के संरक्षक अनिल अग्रवाल,हरिशंकर साहू,अध्यक्ष विनोद नामदेव एवं आए हुए अतिथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया गया।ततपश्चात छत्तीसगढ़ की राज्य गीत अरपा पैरी की धार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई उक्त कार्यक्रम में खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के लगभग 40 से अधिक पत्रकार शामिल हुए, इस दौरान जिला अध्यक्ष सज्जाक खान ,जिला प्रेस क्लब संरक्षक खिलेंद्र नामदेव, मोहम्मद याहिया नियाजी, विनय जंघेल, गुलशन तिवारी, रवि रजक ,अनुराग शांति तुर्रे, सुखनंदन चतुर्वेदी, विनोद नामदेव, अनिल अग्रवाल ने सभी पत्रकारों को संबोधित किया और अपने विचार रखें। संगोष्ठी कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों का परिचय उन्हीं की जुबानी कार्यक्रम को गति प्रदान किया गया जिसमें जिले भर से आए हुए पत्रकारों ने अपने बारे में मंच में आकर परिचय दिया ।इसी दौरान अतिथि पत्रकारों का प्रेस क्लब गंडई के संरक्षक अनिल अग्रवाल, हरीशंकर साहू, दिलीप ओगरे, अध्यक्ष विनोद नामदेव,सचिव रोहित देवांगन , महासचिव रत्नेश कुलदीप ,उपाध्यक्ष सुखनंदन चतुर्वेदी,कोषाध्यक्ष नंदकिशोर साहू,सहसचिव संजय नामदेव,सदस्य अवधेश मिश्रा दामोदर वैष्णव, ओंकार साहू,के द्वारा आए हुए सभी अतिथि पत्रकारों का सम्मान पेन,डायरी,और प्रशस्ति पत्र भेट कर किया गया, इस दौरान खैरागढ़ छुईखदान गंडई के जिला अध्यक्ष सज्जाक खान एवं वरिष्ठ पत्रकार विनय जंघेल का सम्मान शाल,श्रीफल एवम प्रशस्ति पत्र भेट कर किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन रत्नेश कुलदीप एवं सुखनंदन चतुर्वेदी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया , वही कार्यक्रम का आभार सचिव रोहित देवांगन के द्वारा किया गया, पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब गंडई के अध्यक्ष विनोद नामदेव ने पत्रकारिता के स्तर को ऊंचा उठने के लिए 10 से अधिक बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए सभी उपस्थित पत्रकारों के सामने अपनी बातें रखी जिलेभर से आए सभी पत्रकारों ने पूरे कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों ने मिलकर वन भोज का आनंद लिया।उक्त जिला स्तरीय संगोष्टि कार्यक्रम में केसीजी जिले के गंडई क्षेत्र से यावर खान नियाजी,संगीत चौबे,चंद्रेश महिलांगे,विश्वराज ताम्रकर,रोहन साहू,गंगा राम पटेल,खैरागढ़ क्षेत्र से मोहम्मद याहिया नियाजी,प्रशांत सहारे,नीलेश कुमार यादव,प्रदीप बोरकर,सोमेश लहरे, आलोक श्रीवास,दिनेश साहू,खिलेंद्र नामदेव, जितेंद्र सिंह गौर,किशोर सोनी, रवि रजक,मंदीप सिंह,साकेत श्रीवास्तव, विमल कुमार बोरकर,सत्री यदु,तुलेश सिन्हा, जितेंद्र यादव,अनुराग शांति तुर्रे, मनोहर सेन छुईखदान क्षेत्र से विनय जंघेल, शैलेन्द्र तिवारी, संजय शर्मा, सज्जाक खान, दीनदयाल यदु,दीपक देशमुख,बाजार अतरिया से सुरेश कुमार वर्मा,मीना पाल, उदयपुर से गुलशन तिवारी सहित जिले के अन्य क्षेत्रों से पत्रकार शामिल हुए। सभी पत्रकारो ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि इस प्रकार का आयोजन होते रहना चाहिए।

# रानी मंदिर में द्वितीय अगहन वृहस्पति में सामूहिक पूजा मनाये



छुईखदान (दावा)। छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय त्योहारों में द्वितीय अगहन वृहस्पति पूजा 28 नवम्बर 2024 गुरुवार को रानी मंदिर छुईखदान में महिलाओं द्वारा सामूहिक पूजा अर्चना किया गया। मंदिर समिति के संरक्षक लतारानी लाल जे. के. वैष्णव ने जानकारी दी कि महिलाएं घर में पूजा कर रानी मंदिर में प्रतिष्ठित मां लक्ष्मी जी कलश, धान की बाली, रखिया कांदा, की सामूहिक पूजा कर कथावाचन हुंकारु अनिवार्य रूप से देकर भोग लगाती हैं। पूजा से पहले बुधवार की शाम से ही घर की साफ-सफाई, मंदिर परिसर की साफ-सफाई गोबर से लीपकर चौक रंगोली मुख्य द्वार से पूजा स्थल तक चूना छुही से चौंक बनाकर विशेष रूप से मां लक्ष्मी जी के पद चिन्ह को चावल के आटे के घोल से बनाकर हल्दी चावल पुष्प फूल चढ़ाकर दीपक जलाते हैं। गुरुवार के दिन सुबह दोपहर शाम तीन समय पूजा होती है जिसमें कथा श्याम बाला, जगन्नाथ बलभद्र, नल दमयंती, सीरिया पीरिया ब्राम्हण कन्या की कथा, सहस्त्र कमल दल चौक पर होता है। भोग में मीठा चीला, बोबरा, मालपुआ, हल्वा, खीर, तिलगुंजिया, पूरनपूडी का भोग लगाकर मां लक्ष्मी जी की सामूहिक भजन कीर्तन करते हैं। इस अवसर पर रोहिणी शर्मा, रंजना गजेन्द्र सोनी, प्रमिला जंघेल, संगीता संजय वैष्णव, कुमारी श्रीवास, काजल तम्बोली, सीमा अनिल राजपूत पुजारी, मिथिला ठाकुर, पार्वती यादव, लतारानी वैष्णव, जमुना यादव, सुप्रिया महोबिया, राखी, पूजा, रेणू, रानू ,रीनू महोबिया , ललिता यादव, दिव्या प्रधान, आकांक्षा उपाध्याय, चन्द्रकला अशोक नामदेव, रोहिणी शर्मा, मधु राजपूत, ममता महोबिया, गुड्डी महोबिया, रानू महोबिया, निशा नामदेव, दामिनी, आरती भुनेश्वरी, वीणा, नंदनी, रजमत सहित बड़ी संख्या में भक्त महिलाएं उपस्थित रहतीं हैं। इस वर्ष 2024 में चार अगहन वृहस्पति पूजा होगी, अंतिम अगहन वृहस्पति पूजा पश्चात 12 दिसम्बर 2024 को भंडारा प्रसाद वितरण किया जायेगा।

# भाजपा सरकार में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वरदान साबित हो रही है - किरण वैष्णव



छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्लूबंजारी मे मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। विवाह का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर पूजा अर्चना व पुष्प अर्पित कर किया गया। और पूरे रस्मो रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कुल 11 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने सभी नवयुगल जोड़ी सदैव जीवन पथ पर प्रेम स्नेह पूर्वक दाम्पत्य जीवन का निर्वहन करें ऐसी मंगलकामनाएं की। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2003 में भाजपा की सरकार बनी तब तत्कालीन मुख्यमंत्री डा रमन सिंह जी द्वारा वर्ष 2005-06 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत की गई थी। जो आज सभी के लिए वरदान साबित हो रही है। श्रीमती वैष्णव ने कन्या विवाह योजना में शामिल होकर अपनी बेटे-बिटियो की शादी कराने वाले माता पिता को बधाई देते हुए कहा कि फैशन और मंहगाई की दौर में सभी बेटे- बिटियों का आदर्श विवाह संपन्न कराकर कर्ज के बोझ से बच सकते हैं। साथ ही कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य ललिता कंवर जिला भाजपा मंहामंत्री रविन्द्र वैष्णव व जनपद पंचायत सदस्य भुनेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को होने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजुलखर्ची को रोकना, सामूहिक विवाह के आयोजन से सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। इस अवसर पर मंडल मंहामंत्री संजय सिन्हा, संगीता यादव मंडल मंत्री, जनपद सदस्य जानकी साहू मीणा पुजारी हरीला चंद्रवंशी हेमीन साहू, डोमेन पटेल सरपंच, पुष्पा सिन्हा, विष्णु साहू, कौशल चंद्रवंशी, राजकुमार पटेल भावन सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल, सुमित्रा धुर्वे, समेत महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमति कमलावती मरकाम सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# कल तहसील पेंशनर्स एसोसिएशन की आमसभा, निर्वाचन प्रक्रिया पर होगा विचार मंथन



डोंगरगढ (दावा)। माँ बमलेश्वरी नीचे मंदिर प्रांगण स्थित भवन (कक्ष) में शनिवार 30 नवंबर को पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आमसभा का आयोजन किया गया है। आमसभा में सम्मानित समस्त सदस्यों को 11 बजे निर्धारित स्थान में उपस्थित होकर आगामी दिसम्बर माह में एसोसिएशन के अध्यक्ष के निर्वाचन के संबंध में गहन चर्चा की जावेगी।

बैठक में निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित समस्त जानकारी से सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष अध्यक्ष ललित किशोर नारंग के द्वारा समस्त पेंशनरों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आमसभा को सफल बनाने की अपील की है। विज्ञप्ति जारी कर उक्ताशय की जानकारी रमेश बहेकर सचिव छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन डोंगरगढ़ द्वारा प्रदान की गई।

## पहला कॉलम...

### चोटिल कॉक्स की जगह ओली रॉबिन्सन शामिल

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को कहा कि चोटिल जॉर्डन कॉक्स की जगह अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन को न्यूजीलैंड दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है। कॉक्स ने क्वीन्सटाउन में अभ्यास मैच के दौरान अपने अंगूठे में फ्रैक्चर कर लिया और इसके बाद उन्हें तीन मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज से बाहर कर दिया गया, जबकि बल्लेबाज ओली पोप क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट के लिए विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे, जबकि नियमित विकेटकीपर जेमी स्मिथ पितृत्व अवकाश पर हैं। रॉबिनसन के इस सप्ताह के अंत में न्यूजीलैंड में टीम में शामिल होने की उम्मीद है और वे 6 दिसंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से ही टेस्ट डेब्यू के लिए दावेदारी पेश करेंगे। यह 25 वर्षीय रॉबिन्सन का इंग्लैंड की सीनियर टीम में पहला चयन है। हाल के दिनों में इंग्लैंड की घरेलू काउंटी चैंपियनशिप में 2024 में 48 की बल्लेबाजी औसत और 2023 में पिछले सीज़न के दौरान और भी अधिक प्रभावशाली 58 के साथ प्रभावित किया है। उन्होंने पिछले दो सीज़न में 92 आउट के साथ स्टंप के पीछे भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया है।

### एडिलेड ओवल पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेला जाना है।सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। इस मुकाबले को भारतीय टीम ने 295 रनों से अपने नाम किया था।एडिलेड में होने वाला टेस्ट मैच 6 दिसंबर से शुरू होगा। ऐसे में आइए इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों पर एक नजर डालते हैं।पहले स्थान पर भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली हैं। पर्थ टेस्ट मैच में उन्होंने शानदार शतकीय पारी खेली थी।कोहली ने एडिलेड में अपना पहला टेस्ट मैच साल 2012 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने यहां 4 टेस्ट खेले हैं और इसकी 8 पारियों में 63.62 की दमदार औसत के साथ 509 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 3 शतक और 1 अर्धशतक निकला है।उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 141 रन रहा है। सूची में दूसरे स्थान पर पूर्व भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला मुकाबला साल 1999 में खेला था।4 टेस्ट की 8 पारियों में इस खिलाड़ी ने 66.83 की औसत से 401 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 233 रन रहा था।द्रविड़ ने इस मैदान पर अपना आखिरी मुकाबला साल 2012 में खेला था। वह 2 बार नाबाद भी रहे थे।

### न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री की कार का हुआ एक्सीडेंट

वेलिंगटन। वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लुक्सन की कार का एक्सीडेंट हो गया है। बताया जा रहा है कि उनकी कार पुलिसकर्मियों की कार से टकरा गई। जिस वक्त यह दुर्घटना हुई उस दौरान कार के अंदर प्रधानमंत्री लुक्सन भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार पीएम लुक्सन और वित्त मंत्री निकोला विलिस सरकारी च्लिमोजिनज् कार से जा रहे थे। मगर उनकी कार को पुलिस की कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे लिमोजिन का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।यह दुर्घटना बुधवार दोपहर को न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन में हवाई अड्डे की मुख्य सड़क पर हुई, जहां संसद स्थित है। हालांकि अधाकारियों के अनुसार पीएम लुक्सन बाल-बाल बच गए हैं, क्योंकि दुर्घटना को मामूली बताया जा रहा है। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस ने टक्कर की जांच शुरू कर दी है। न्यूजीलैंड का गृह मंत्रालय आधिकारिक वाहनों का प्रबंधन करता है। गृह मंत्रालय ने कहा कि इस दुर्घटना में च्लिमोजिनज् कार का पिछला हिस्सा क्षतिगस्त हो गया है। अचानक हुई इस कार दुर्घटना से प्रधानमंत्री भी सकते में आ गए हैं। पीएम लुक्सन ने बृहस्पतिवार को ऑकलैंड में संवाददाताओं से कहा कि दुर्घटना थोड़ा चौंकाने वाली थी।

### शेयर बाजार में आई गिरावट

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में आज भयानक गिरावट की वजह से हाहाकार मच गया। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 1190.34 अंकों की गिरावट के साथ 79,043.74 अंकों पर बंद हुआ तो वहीं दूसरी ओर एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 360.75 अंकों की गिरावट के साथ 23,914.15 अंको पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स ने हरे निशान में कारोबार शुरू किया था तो वहीं दूसरी ओर निफ्टी ने मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार शुरू किया था। बताते चलें कि बुधवार को बाजार में अच्छी रिकवरी देखने को मिली थी। कल सेंसेक्स 230.02 अंकों की तेजी के साथ 80,234.08 अंकों पर बंद हुआ था और निफ्टी 80.40 अंकों की तेजी के साथ 24,274.90 अंकों पर बंद हुआ था।

## विश्व शतरंज चैम्पियनशिप : गुकेश ने तीसरी बाजी जीत कर लिरेन पर मानसिक बढ़त बनाई



सिंगापुर । भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में एक दिन के विश्राम के बार शुक्रवार को चौथी बाजी के लिए जब चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे तो 14 बाजियों वाले इस मुकाबले की तीसरी बाजी में मिली जीत से उनका मनोबल बड़ा हुआ होगा। 18 साल के गुकेश ने तीसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस चैम्पियनशिप की अपनी पहली जीत दर्ज की। क्लासिक टाइम कंट्रोल के तहत खेली जा रही चैंपियनशिप में अभी 11 मुकाबले बचे हुए हैं।

इससे पहले गुकेश को शुरुआती मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था, जबकि दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा था। तीन बाजियों के बाद दोनों दोनों खिलाड़ियों के अब एक समान डेढ़-डेढ़ अंक हैं। जैसे ही यह युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर टूर्नामिंट की अपनी पहली जीत का जश्न मनाने जा रहा था, उन्हें अपने जश्न को मजबूरी में रोकना पड़ा। ग्रैंडमास्टर और मेडिकल प्रोफेशनल झाओ जोंग युआन जो कि एक डोपिंग रोधी परीक्षण के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, 18 वर्षीय गुकेश को बुला लिया और उन्हें परीक्षण के लिए ले गए। हालांकि, इसके बावजूद गुकेश ने अपना संयम बनाए रखा और स्थिति को शालीनता के साथ संभाला। पुरस्कार विजेता शतरंज खिलाड़ी, कोच और पत्रकार माइक क्लेन, जिन्होंने इस घटना को कैमरे में शूट किया, ने बताया कि डिंग लिरेन को भी कुछ ही समय बाद उसी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। फिडे नियमों के तहत कभी भी एंटी-डोपिंग परीक्षण आयोजित किए जाते हैं ताकि खेल की अखंडता को बनाए रखा जा सके।

इस प्रक्रिया में किसी भी प्रतिबंधित पदार्थों की जांच के लिए जैविक नमूने एकत्र करना शामिल है जो मानसिक ध्यान, सहनशक्ति या प्रतिक्रिया समय को गलत तरीके से बढ़ा सकते हैं। इस बीच फिडे की डोपिंग रोधी परीक्षण नीति में खिलाड़ियों को मूत्र के नमूने जमा कराने होते हैं और ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने पिछले साल इस प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। सरीन ने अपने अनुभव के बारे में बात करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया था जब उन्हें प्रक्रिया को मंजूरी देने से पहले तीन बार नमूना देना पड़ा था। पहली बाजी में शिकस्त का सामना करने वाले गुकेश ने स्पष्ट रूप से अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया और बेहतर तैयारी दिखाई है। लिरेन को तीसरी बाजी में चालों की गणना करने में गलती का खामियाजा उठाना पड़ा। उन्होंने इस दौरान बहुत अधिक समय लिये जिससे उनके लिए चीजें जटिल होती चली गईं।

## दिल्ली के प्रशांत विहार में धमाका सफेद पाउडर जैसी चीज मिली

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली के रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में एक स्कूटर में जोरदार धमाका हुआ है। धमाके से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इलाके में धमाके की तेज आवाज सुनी गई है।

जानकारी के अनुसार, आज सुबह 11.48 बजे पुलिस को प्रशांत विहार इलाके से विस्फोट की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। शुरुआती जांच में सामने आया कि मिठाई की दुकान के पास एक स्कूटर में जोरदार धमाका हुआ है। अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौके पर सफेद पाउडर जैसी चीज मिलने की सूचना है। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है, इसके बाद ही स्पष्ट होगा। विस्फोट स्थल पर एनएसजी कमांडो और डॉग स्क्वायड पहुंच गई है।

प्रशांत विहार में धमाके की घटना के बाद पुलिस की तैनाती पर डीसीपी पूर्वी दिल्ली अपूर्वा गुप्ता ने कहा, तमाम जगह पर स्टाफ की तैनाती पहले ही की गई थी। चेकिंग भी हो रही थी। मार्केट इलाकों में तुरंत स्टाफ की तैनाती बढ़ाई गई है। हम इलाकों को सैनिटाइज भी कर रहे हैं। भीड़ भाड़ वाली मार्केट में मार्केट प्रबंधन को सचेत कर रहे हैं। हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इससे पहले, रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में ही 20 अक्तूबर को धमाका हुआ था। सीआरपीएफ स्कूल की दीवार में यह धमाका हुआ था।

## पाकिस्तान की जिद के कारण आईसीसी को हो सकता है तगड़ा नुकसान, गरमाया चैंपियंस ट्रॉफी का मामला

नई दिल्ली। पूरा क्रिकेट जगत इस इंतजार में है कि कब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर आईसीसी अपना फैसला सुनाएगा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सुनिश्चित करना होता है कि टूर्नामेंट शुरू होने से 90 दिन पहले तक भाग ले रहे सभी देशों के क्रिकेट बोर्ड्स को शेड्यूल भेज दिया जाए. लेकिन भारत और पाकिस्तान के टकराव के बीच एक नया अपडेट सामने आया है कि शेड्यूल में हो रही देरी के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के ब्रॉडकास्टर्स को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है.



क्रिकबज की एक रिपोर्ट अनुसार शेड्यूल जारी करने की डेडलाइन निकल चुकी है. इस कारण प्रसारणकर्ता डिजनी और जियो को भारी नुकसान झेलने की नौबत आ गई है. चूंकि अब तक चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल सामने नहीं आया है, इसलिए प्रसारणकर्ता भी इस आगामी आईसीसी टूर्नामेंट का फायदा उठाने में पूरी तरह असमर्थ दिखाई पड़ रहे हैं. कमर्शियल मुद्दों पर आईसीसी ने अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है, लेकिन इतना जरूर है कि इससे मेजबान पाकिस्तान और खासतौर पर ब्रॉडकास्टर्स नुकसान झेलने की ओर अग्रसर हैं.

इसी रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि ब्रॉडकास्टर्स भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखने के फैसले का विरोध कर रहे हैं.

## सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोलों ने बेंगलुरु एफसी को बचाया



दिलाई मोहम्मडन एससी पर जीत

कोलकाता। अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोलों ने बेंगलुरू एफसी की नैया को डूबने से बचाते हुए मोहम्मडन एससी पर जीत शानदार जीत दिलाई। उनके दोनों गोलों की मदद से ब्लूज ने बुधवार को एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मेजबान ब्लैक पैंथर्स पर 2-1 से जीत हासिल की।

बेंगलुरू एफसी की जीत में सुनील छेत्री ने (पेनल्टी किक) 82वें और 90+9वें मिनट में गोल किए। सुनील छेत्री को ऐतिहासिक दोनों गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

इस हार के बाद मोहम्मडन स्पोर्टिंग का आईएसएल 2024-25 में अपनी पहली घरेलू जीत का इंतजार बढ़ गया है और साथ ही वो अपने पांच घरेलू मैचों में जीत से दूर रहने वाली आईएसएल इतिहास की पहली टीम बन गई है। इससे रूसी हेड कोच एंड्री चेर्निशोव निश्चित रूप से निराश होंगे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग आठ मैचों में एक जीत, दो ड्रा और पांच हार से पांच अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर बनी हुई है। वहीं, ब्लूज द्वारा पिछड़ने के बाद शानदार जीत हासिल करने से स्पेनिश हेड जेरार्ड जारागोजा जरूर राहत महसूस कर रहे होंगे। बेंगलुरू एफसी नौ मैचों में छह जीत, दो ड्रा और एक हार से 20 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान से शीर्ष पर पहुंच गई है। मैच का पहला गोल आठवें मिनट में आया, जब सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के स्ट्राइकर सीजर मंजोकी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। दाहिने फ्लैंक पर मिली कॉर्नर किक पर उज्बेक मिडफील्डर मिर्जालोल कासिमोव ने हवाई रास्ते से क्रॉस डालकर गेंद को छह गज के खतरनाक इलाके के ठीक आगे पहुंचाया, जहां मौजूद मंजोकी ने सटीक हैडर लगाया और गेंद गोलकीपर गुरप्रीत संधू के बायीं तरफ से टिप्पा खाकर दाहिने कॉर्नर पर गोल जाल में जा उलझी। 82वें मिनट में स्थानापन्न स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने पेनल्टी किक पर अपना ऐतिहासिक गोल करके बेंगलुरू एफसी को 1-1 की बराबरी पर ला दिया।

## ऑलराउंडर बो वेबस्टर ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में शामिल

कैनबरा। मिचेल मार्श की चोट की चिंताओं के बीच ऑस्ट्रेलिया ने तस्मानिया के ऑलराउंडर बो वेबस्टर को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल किया है।

वेबस्टर मध्यम तेज़ गेंदबाज़ी के साथ-साथ ज़रूरत पड़ने पर ऑफ़ स्पिन भी कर लेते हैं। उन्होंने हाल ही में इंडिया ए के ख़िलाफ़ सीरीज़ में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेलते हुए प्रभावित किया था।

इसके अलावा उन्होंने हालिया शेफ़ील्ड शील्ड मैच में न्यू साउथ वेल्स के ख़िलाफ़ 61 और 49 का स्कोर बनाने के साथ-साथ पांच विकेट भी लिए। वह ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ स्लिप फ़ील्डर्स में से भी एक हैं।

इंडिया ए के ख़िलाफ़ दो चार-दिवसीय मैचों की चार पारियों में दो बार नाबाद रहते हुए उन्होंने 145 रन बनाने के साथ-साथ 19.57 की औसत से सात विकेट भी लिए थे।

पिछले दो साल के प्रथम श्रेणी मैचों की बात की जाए तो उनका बल्लेबाज़ी औसत 53.23 और गेंदबाज़ी औसत 31.71 का रहा है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्र्यू मैक्डोनाल्ड ने एडिलेड टेस्ट के लिए बिना किसी बदलाव की टीम घोषणा करते हुए यह भी सूचित किया था कि ऑलराउंडर मिचेल मार्श की फ़िटनेस पर थोड़ा संदेह है। मार्श के फ़िटनेस के बारे में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी चिंता जताई थी। हालांकि 13-सदस्यीय टीम में जोश इंगलिस के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज़ हैं, लेकिन अपनी ऑलराउंड क्षमताओं के कारण वेबस्टर टेस्ट डेब्यू के दावेदार बन गए।

## हाईकोर्ट का इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने से किया इनकार



बांग्लादेश सरकार को फटकार

ढाका। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ लगातार जारी हिंसा के बीच वहां के उच्च न्यायालय ने गुरुवार को इस्कॉन पर बैन लगाने से इनकार कर दिया है। देशद्रोह के मामले में बांग्लादेश इस्कॉन के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से ही हिंदू समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान ही एक वकील की मौत हो गई, जिसके बाद बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी।

वकीलों ने बुधवार को संगठन से संबंधित कुछ समाचार पत्रों की रिपोर्ट रखने के बाद उच्च न्यायालय से अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना समाज (इस्कॉन) पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। द डेली स्टार के अनुसार, उच्च न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल से इस्कॉन की हालिया गतिविधियों के संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने को कहा था। बता दें बांगलादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसी के चलते चिन्मय कृष्ण दास शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

## चोटिल स्टेफ़नी टेलर भारत दौरे से बाहर, डॉटिन वनडे में वापसी को तैयार

सेंट जोंस (एंटीगा)। वेस्टइंडीज़ भारत के आगामी सफ़ेद गेंद दौरे पर ऑलराउंडर स्टेफ़नी टेलर के बिना जाएगी। क्रिकेट वेस्ट इंडीज की रिलीज़ के अनुसार 33 वर्षीय टेलर इस समय इंजरी से रिकवर कर रही हैं और भारत में होने वाले आगामी तीन वनडे और टी20 सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी।



दो वर्ष पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुकीं डिएंड्रा डॉटिन ने इस साल टी20 वर्ल्ड कप में वापसी की थी और वह अब भारत के दौरे पर वनडे में वापसी करेंगी। उन्होंने अपना अंतिम वनडे मार्च 2022 में खेला था लेकिन सफ़ेद गेंद में उनका हालिया फ़ॉर्म शानदार रहा है। डॉटिन 2024 के टी20 वर्ल्ड कप के दौरान सबसे प्रभावी खिलाड़ी थीं और इस महीने की शुरुआत में उन्होंने डब्लूबीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ़ 18 गेंदों पर नाबाद 46 रन बनाए थे। वर्ल्ड कप दल से बाहर रहने वालीं शाबिका गजनबी और रशादा विलियम्स की वनडे और टी20 दल दोनों में वापसी हुई है।

हीली मैथ्यूज़ (कप्तान), शेमाइन कैंपबेल (उपकप्तान), आलिया एलेन, शामिलिया कॉनेल, नेरिसा क्राफ़्टन, डिएंड्रा डॉटिन, एफ़ी फ़्लेचर, शाबिका गजनबी, चिनेल हेनरी, ज़ायदा जेम्स, कियाना जोसेफ़, मैंडी मांगरू, अश्मिनी मुनिसर, करिश्मा रामहरक, रशादा विलियम्स।

*हेमंत सोरेन झारखंड के ...*

स्वास्थ्य बीमा, शिक्षा और किसानों के लिए योजनाएं शामिल हैं। कल्पना सोरेन की मां की आई प्रतिक्रिया- हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण से पहले उनकी सास की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है इसलिए जनता को बधाई देते हैं। बता दें कि शपथ ग्रहण से पहले हेमंत सोरेन ने बाबा दिशोम गुरुजी और मां का आशीर्वाद लिया। इंडिया गठबंधन ने दर्ज की शानदार जीत- बता दें कि प्रदेश की 81 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान हुआ था। पहले चरण के लिए 13 नवंबर और दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित हुए थे। विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। इंडिया गठबंधन ने 56 सीटें अपने नाम की और एनडीए को 24 सीटें मिली। जेएमएम सबसे बड़ी पार्टी बनी। छ्व्रूने 34 सीटें, कांग्रेस ने 16, आरजेडी ने 4 और माले ने 2 सीटें जीती। वहीं बीजेपी ने 21, आजसू, लोजपा और जेडीयू ने एक-एक सीटें जीती।

*मिसेज इंडिया ग्लोब 2024 का ताज ...*

भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। अनुराधा ने अपने स्वागत के दौरान कहा, मिसेज इंडिया ग्लोब 2024 का ताज पहनने पर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह खिताब सिर्फ़ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की वकालत करने और दूसरों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने का एक मंच है। मैं मिसेज ग्लोब में भारत का प्रतिनिधित्व करने और हमारी समृद्ध संस्कृति और मूल्यों को दुनिया के साथ साझा करने के लिए

## प्रथम पेज का शेष....

उत्साहित हूँ। मिसेज इंडिया इंक की राष्ट्रीय निदेशक मोहिनी शर्मा ने अनुराधा की उपलब्धि पर अपना गर्व और उत्साह साझा किया।

*प्रियंका वाड्रा ने संविधान.....*

प्रियंका वाड्रा जहां लोकसभा में साथ नजर आएंगे, वहीं मां सोनिया गांधी राज्यसभा सदस्य हैं। प्रियंका के शपथ ग्रहण के बाद लोकसभा में विपक्षी सदस्यों का हंगामा शुरू हो गया। स्पीकर ने सभी को शांति बनाए रखने और कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने की अपील की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

*अब 16 साल से छोटे बच्चे नहीं चला....*

नए कानून पर बोले एलन मस्क- यह कानून ऑस्ट्रेलिया और उसके प्रमुख सहयोगी देश अमेरिका के रिश्तों पर असर डाल सकता है। ङ्क के मालिक एलन मस्क ने इस महीने कहा कि यह कानून 'ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लिए इंटरनेट तक पहुंच पर नियंत्रण का गुप्त तरीका' लगता है। मस्क, जो अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप के करीबी माने जाते हैं, इस कानून के विरोध में हैं। लेकिन कुछ प्लेटफॉर्म को मिली छूट- यूट्यूब को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है, क्योंकि इसका उपयोग स्कूलों में पढ़ाई के लिए होता है। कंपनियों ने इस कानून को लागू करने से पहले ऐज वेरिफिकेशन टेस्ट पूरा करने की मांग की थी। डिजिटल इंडस्ट्री ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता बोस ने कहा- 'हमारे पास कानून तो है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई स्पष्ट गाइडलाइन नहीं है कि इस नियम को कैसे लागू किया जाए।'

'युवाओं को इंटरनेट से दूर करने की कोशिश'- ग्रीन्स पार्टी की सीनेटर सारा हैनसन-यंग ने कहा कि यह कानून बूमर्स द्वारा युवाओं को इंटरनेट के इस्तेमाल पर रोक लगाने की कोशिश है ताकि वे खुद को बेहतर महसूस करा सकें। यह कानून सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपनी नीतियों में बड़े बदलाव करने के लिए बाध्य करेगा। हालांकि, इसे लागू करने की प्रक्रिया और इससे जुड़े विवादों के चलते इसे पूरी तरह प्रभावी होने में समय लग सकता है।

*अमित शाह के घर पर हुई महायुति...*

2 दिसंबर को हो सकता है शपथ ग्रहण समारोह- सूत्रों का यह भी कहना है कि आज मुख्यमंत्री का नाम तय हो जाने की स्थिति में दो दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हो सकता है. इस शपथ ग्रहण समारोह का इस्तेमाल महायुति अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के रूप में करेगा. इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हो सकते हैं. इस समारोह का आयोजन मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में किया जा सकता है.

सीएम पद पर फडणवीस की दावेदारी मजबूत- सूत्रों के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी देवेंद्र फडणवीस को सीएम पद पर देखना चाहती है. क्योंकि इस चुनाव में फडणवीस एक मजबूत नेता के तौर पर उभरकर आए हैं. फडणवीस के कद और पार्टी के प्रति उनकी वफादारी को देखते हुए आरएसएस सीएम पद के लिए उनका समर्थन भी किया है. चुनाव में फडणवीस के चेहरे के कारण ही बीजेपी को लोगों का सपोर्ट मिला था.

## डोप टेस्ट में विफल स्वियातेक पर एक महीने का निलंबन



नई दिल्ली। पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक को प्रतिबंधित दवा सेवन के चलते एक महीने के लिए निलंबित किया गया है और उन्होंने यह सजा स्वीकार कर ली है। पोलैंड की 23 साल की स्वियातेक इस समय दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं। अगस्त में प्रतियोगिता से इतर हुए डोप टेस्ट में वह विफल हो गई थी। अंतरराष्ट्रीय टेनिस की इंटीग्रिटी यूनिट ने उनका यह स्पष्टीकरण स्वीकार कर लिया था कि उन्होंने दवा के तौर पर इसका गैर-इरादतन सेवन किया था। यह टेनिस में हाल में डोप टेस्ट विफल होने का दूसरा बड़ा मामला है। इससे पहले पुरुषों में दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर मार्च में एक स्टेरायड के चलते दो टेस्ट में फेल हो गए। यह यूएस ओपन से पहले का मामला है।

## रोनाल्डो-मेसी के क्लब में शामिल हुए लेवांडॉस्की, लीग में 100 गोल करने वाले तीसरे फुटबॉलर



स्पोर्ट्स डेस्क। पोलैंड के स्ट्राइकर राबर्त लेवांडॉस्की का इस सत्र में शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी है। लेवांडॉस्की ने चैंपियंस लीग में बार्सिलोना की ब्रेस्ट पर 3-0 से जीत में दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में लेवांडॉस्की के गोल की संख्या 101 हो गई। वह लीग में सौ गोल करने वाले फुटबालर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी के क्लब में शामिल हो गए। रोनाल्डो ने लीग में 140 और मेसी ने 129 गोल किए हैं।

इस जीत के साथ बार्सिलोना दूसरे स्थान पर पहुंच गया है और उसके नॉकआउट में पहुंचने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। लेवांडॉस्की ने पेनाल्टी के जरिए पहला गोल किया और दूसरा उन्होंने पहले हाफ के स्टापेज समय में किया। बार्सिलोना के लिए तीसरा गोल दानी ओल्मो ने दागा। एर्लिंग हालैंड के दो गोल के बावजूद मैनचेस्टर सिटी ने लीग में फेयनूर्ड के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला। सिटी ने पिछले छह मुकाबलों में कोई मैच नहीं जीता है।

हालैंड के 24 वर्ष की उम्र में लीग में गोल की संख्या 46 हो गई है। उन्होंने लीग में सबसे कम उम्र में 45 गोल करने के मामले में मेसी को पीछे छोड़ दिया। इल्के गुंडोगन ने सिटी के लिए तीसरा गोल किया। फेयनूर्ड के लिए अनीस मूसा, सेंटियागो जिमिनेज और डेविड हांको ने गोल दागे। एक अन्य मुकाबले में इंटर मिलान ने लिपजिग को 1-0 से हराया। इंटर को आत्मघाती गोल से जीत मिली और वह 13 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

# स्टेट स्कूल ने टी-20 आर.सी.ए. कप पर किया कब्जा



✦ फाईनल मुकाबला शंकरा विद्यालय को 5 रन से हराया
✦ रूद्रांश तिवारी को मैन ऑफ दी मैच

राजनांदगांव (दावा)। क्रिकेट ऐकेडमी के तत्वाधान में कमला कॉलेज ग्राउंड में इंटर स्कूल में आर.सी. ए का पहला टी-20 प्रतियोगिता का फाईनल मैच शंकरा विद्यालय हुडको भिलाई एवं स्टेट हाई स्कूल के मध्य कमला कॉलेज में फूल टर्फ विकेट में खेला गया। टॉस जीतकर स्टेट हाई स्कूल के कप्तान रूद्रांश तिवारी ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। ओपनिंग जोड़ी के रूप में मैदान में सूर्य परिहार एवं सोमेश्वर नेताम मैदान में उतरे, पहला विकेट 0 रन पर तेज गेंदबाजों को मदद करके पीच सूर्य परिहार को भिलाई के तेज गेंदबाज ईशवेन्द्र तिवारी विकेट कीपर शिवेन्द तिवारी के हाथो कैच कराया।

क्रमशः रोहन नेताम 14 रन, खिलेश सोनकर 09 रन, रूद्रांश तिवारी 64 रन पूरी टीम 20 ओवर खेलकर 122 रन ऑल आऊट हो गई। शंकरा विद्यालय हुडको भिलाई की गेंदबाजी सोहम 01 विकेट, गुनराज सिंग 01 विकेट, सहठिया 01 विकेट, शिवेश तिवारी 01 विकेट, लक्ष्य का पीछा करते हुए शंकरा विद्यालय हुडको भिलाई की टीम की ओपनिंग जोड़ी मैदान में उतरी। टीम की ओपनिंग जोड़ी में एस. तरूण साइ एवं आदित्य कनौरिया पहला विकेट जल्दी गिर गया। स्टेट हाई स्कूल के गेंदबाज आयान की गेंद का एल.बी.डब्ल्यू. आऊट हो गया। क्रमशः एस. तरूण साइ 18 रन, आदित्य कनौरिया 07 रन पूरी टीम 117 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई। स्टेट हाई स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए रूद्रांश तिवारी 02 विकेट, सूर्य परिहार 02 विकेट, देवा साहू 01 विकेट, रूद्रांश तिवारी ने 64 रन, 02 विकेट से मैन ऑफ द मैच मिला। मैच अत्यंत रोमांच भरा रहा और कड़ा मुकाबला रहा स्टेट हाई स्कूल 05 रन से विजयी हुई। फाईनल मैच के अम्पायर अन्तु कराण्डे एवं खगेश (ऑनलाईन स्कोरर आलमोक्ष साहू) मुख्य अतिथि भिलाई के तेलगु मन्नेवार समाज के अध्यक्ष दिलीप कुमार दामले द्वारा पुरस्कार दिया गया। इस टूर्नामेंट में आर.सी. कप के मैच स्पॉन्सर अरिहंत वस्त्रालय भारत माता चौक मेडल और ट्राफी दिया गया। प्रथम पुरस्कार स्टेट हाई स्कूल को 5,001/- रूपये, द्वितीय पुरस्कार शंकरा विद्यालय भिलाई 3001/- रूपये शंकरा विद्यालय भिलाई के 182 रन, 02 विकेट शिवेन्द्र तिवारी को 500/- रूपये मनोज वर्मा स्टेट प्लेयर द्वारा दिया गया। फाईनल के मैन ऑफ दी मैच रूद्रांश तिवारी को 501/- रूपये, प्रत्येक मैच के मैन ऑफ दी मैच के कैश प्राइज सैंकी बग्गा द्वारा दिया तथा अम्पायर को 1500/- स्कोरर को 300/- कैश प्राइज दिया गया। इस टूर्नामेंट में यश ठाकुर, सैंकी बग्गा, मनोज वर्मा का सहयोग प्राप्त हुआ। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर संदीप शुक्ले को सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आई.पी.एल. प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अमलाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा एवं उपरोक्त चयन होने पर सभी की ओर से हार्दिक शुभकामनाए दी। आर.सी.ए. के हेड कोच संदीप शुक्ले ने दी।

# सुरगी हाईस्कूल के छात्रों ने किया कृषि औद्योगिक भ्रमण




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित कृषि के छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में औद्योगिक भ्रमण किया। कृषि से संबंधित जानकारी देने का कार्य कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वयक कृषि वैज्ञानिक डॉ.गुंजन झा, कृषि वैज्ञानिक डॉ.योगेंद्र श्रीवास, डॉ.अंजली घृतलहरे, डॉ.अतुल डांगे, डॉ.जितेंद्र मेश्राम, डॉ.मनीष सिंह एवं फार्म प्रबंधक डॉ.आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। व्यावसायिक कृषि के छात्रों को भ्रमण के माध्यम से नर्सरी प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि यंत्रों की पहचान व उपयोग, मौसम पूर्वानुमान के यंत्र एवं उपयोग, ग्रेडर मशीन की जानकारी, पशुपालन प्रबंधन, वर्मी व कंपोस्ट खाद की जानकारी, मत्स्य पालन, कीट व रोग प्रबंधन, विभिन्न फसलों जैसे धान, चना एवं गेहूं की उन्नत खेती और अन्य कृषिगत तकनीकी जानकारी प्रदान किया गया।

शैक्षणिक भ्रमण का कार्य शाला के प्राचार्य एन.के.साहू की अनुमति से व्यावसायिक प्रशिक्षक पंकज चंदेल, छत्रपाल देशमुख व्याख्याता श्रीमती गीतांजलि साहू, श्रीमती नीरा ठाकुर, वीरेंद्र टेम्भुरकर, सुशील नारायण शर्मा एवं शाला के अन्य व्याख्याता गणों के मार्गदर्शन में सम्पन्न कराया गया।

# कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों को लेकर की समीक्षा बैठक



मोहला (दावा)। जिला कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने राजस्व अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में शासकीय कार्यालयों की भूमि और भूमि आबंटन से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण और डायवर्सन से संबंधित प्रकरणों पर चर्चा की और त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा हो और राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों की भूमि रिकॉर्ड का अद्यतन करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विवादित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि जनहित के मामलों में तेजी लाने के लिए समर्पण और सजगता आवश्यक है। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले, एसडीएम मोहला डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित सभी राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# टोलागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न हुआ



ठेलकाडीह (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह के रासेयो इकाई द्वारा प्राचार्य ए.के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डी.के. साहू के निर्देशन में दिनांक 21 नवम्बर 2024 को सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम टोलागांव में प्रारंभ हुआ था। जिसका समापन 27 नवंबर को हुआ। शिविर में महाविद्यालय के 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणजनों को स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, महिला साक्षरता, स्वास्थ्य आदि विभिन्न विषयों पर जागरूक करने का प्रयास किया। इसके लिए प्रभातफेरी, रैली, श्रमदान, स्वच्छता कार्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक परिचर्चा आदि गतिविधियों का आयोजन शिविर में किया गया। शिविर के बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में प्रणय बघेल, महाप्रबंधक उद्योग विभाग, तेजस्वी वर्मा काऊंसलर वित्ति साक्षरता, डॉ. एस.आर. कन्नौजे, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, विनोद सिंह सहायक पशु चिकित्सक क्षेत्र अधिकारी एवं श्रीमती मोनिका दास जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना राजनांदगांव की विशेष उपस्थिति रही। योग प्रशिक्षक श्री हरीश वर्मा द्वारा शिविर में स्वयंसेवकों को योग प्रशिक्षण भी दिया गया।

शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि घम्मन साहू, सभापति, जिला पंचायत केसीजी, अध्यक्ष वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एल.सी. सिन्हा, विशिष्ट अतिथि बिसेसर दास साहू पूर्व सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, मंडल महामंत्री गोरेलाल वर्मा, उपसरपंच विष्णुदास साहू, संतराम साहू, ओमप्रकाश साहू, श्रीमती दीपशिखा साहू, श्रीमती बेबी साहू, विजय साहू, चन्द्रभान साहू, प्राचार्य डी.के. साहू एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र में दीप प्रज्जवलित कर पुष्पाजंलि अर्पित की गई तत्पश्चात रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डी.के. साहू, ने सात दिवसीय शिविर का विस्तृत प्रतिवेदन किया और शिविर को सफल बनाने के लिए ग्रामवासियों के प्रति आभार वयक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ.एल.सी. सिन्हा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य बताते हुए उन्हे सामाजिक चेतना और अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि श्री बिसेसर दास साहू ने स्वयंसेवकों के सात दिवसीय कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं में जिम्मेदारी की भावना लाने का एक बड़ा माध्यम है।

प्रत्येक छात्र-छात्राओं को अपने विद्यार्थी जीवन में इसका लाभ अवश्य लेना चाहिए। मुख्य अतिथि श्री घम्मन साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाज में बदलाव लाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों को सतत प्रयास करने एवं रचनात्मक कार्यो में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्रीमती रेणुका सिन्हा ने किया। प्राध्यापक विनय कुमार मसियारे ने सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी एवं समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

# विधायक भोलाराम साहू ने लायनी बाई फरकुंडे को दी श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र खुज्जी के वनांचल ग्राम-नादिया खुर्द, जोब चौकी निवासी दिलीप फरकुंडे के माताजी 113 वर्षीय श्रीमती लायनीबाई फरकुंडे का दिनांक 17 नवम्बर 2024 को निधन हो गया था, जिनके आज दशगात्र एवं शोक कार्यक्रम में विधायक खुज्जी भोलाराम साहू शामिल होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित किए एवं शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट किए. इस शोक कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया, राजू सिन्हा कांग्रेस कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, सतीश पटेल पूर्व अध्यक्ष न.पं. छुरिया, मनोज सिन्हा पूर्व सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग, रवि कुमार साहू संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, कुलदीप सेक्टर प्रभारी, शिवलाल फरकुंडे एवं समस्त फरकुंडे परिवार तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में जल रक्षा अंतर्गत संयुक्त कार्यशाला संपन्न




जल संकट के समाधान और ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

राजनांदगांव (दावा)। जल, मानव जीवन का मूलभूत आधार है। इसके बिना जीवन की कल्पना असंभव है। वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रहा है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। जिले के कई ग्रामीण क्षेत्र आज जलसंकट का सामना कर रहे हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में मिशन जल रक्षा और जल स्त्रोतविहीन ग्राम के संबंध में जल संसाधन, कृषि, मनरेगा सहित अन्य विभागों की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कार्यशाला में जिले के जल संकट से प्रभावित गांवों की समस्या का समाधान करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए संयुक्त प्रयास करने कहा। उन्होंने जल संरक्षण और प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। जिसके अंतर्गत जिले के सभी जल स्त्रोत विहीन गांवों को चिन्हांकित करके जीआईएस तकनीक का उपयोग करते हुए उन सभी गांवों का प्लान तैयार कर योजना बनाई गयी। कार्यशाला का उद्देश्य केवल तत्काल समस्या समाधान तक सीमित नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक जल संरक्षण और प्रबंधन के उपायों को लागू करना भी है। पारंपरिक जलस्त्रोत तालाब, कुएं और अन्य डबरी या तो सूख रहे हैं या उपयोग के लायक नहीं हैं। इसके अलावा भू-जल स्तर में गिरावट और असमान वर्षा ने समस्या को और बढ़ा दिया है। ऐसे में एक वैज्ञानिक और व्यवस्थित सर्वेक्षण की आवश्यकता महसूस की गई ताकि इन गांवों को चिन्हित कर उनकी समस्या का समाधान किया जा सके। इस चुनौती का समाधान करने के लिए स्थानीय प्रशासन और तकनीकी विशेषज्ञों ने मिलकर जलस्त्रोतविहीन गांवों का एक व्यापक सर्वेक्षण किए जा रहे। इसमें वर्षा जल संचयन, तालाबों, कुओं का पुर्ननिर्माण और सामुदायिक सहभागिता जैसे मुद्दों को शामिल किया गया। जिसे के सभी विभागों को इस विषय में शीघ्र ड्राफ्ट तैयार प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही इस समस्या के समाधान में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जिले के जलस्त्रोतविहीन गांवों की समस्या को हल करने के लिए स्थानीय प्रशासन और तकनीकी विशेषज्ञों ने जल प्रबंधन योजना का मसौदा तैयार करने की दिशा में कार्य आरंभ किया है। यह योजना न केवल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी, बल्कि ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगी। जल प्रबंधन के लिए प्रत्येक गांव के लिए विशेष योजना तैयार की किए जा रहे है, जिसमें स्थानीय संसाधनों और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा गया। जल संकट से निपटने के उद्देश्य से संबंधित विभागों को योजना का ड्राफ्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत निर्देशित किया गया है। जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) के माध्यम से गांवों की भौगोलिक और हाइड्रोलॉजिकल स्थितियों का अध्ययन किए जा रहे है। सर्वेक्षण में जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) और रिमोट सेंसिंग जैसी तकनीकों का उपयोग किए जा रहे है। इन तकनीकों से गांवों की भौगोलिक स्थिति, मिट्टी की संरचना और जलग्रहण क्षेत्र का विस्तृत नक्शा तैयार किए गए हैं। इस तकनीक से जलस्त्रोतों की संभावनाओं को खोजने और जल संरक्षण के लिए प्रभावी योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। जल स्त्रोतविहीन गांवों का सर्वेक्षण कार्य एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इन गांवों के जल संकट को समझने और समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने में मदद मिलेगा है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि यदि सही तरीके से जलस्त्रोतों का संरक्षण और प्रबंधन किया जाए, तो जलस्त्रोतविहीन गांवों में पानी की समस्या को हल किया जा सकता है। यह केवल एक जल संकट समाधान नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और समाज की समृद्धि के लिए भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

# दिग्विजय में समर्पित संस्था द्वारा जागरूकता विषय पर कार्यशाला



बैंक के अधिकारी व प्राचार्य सहित छात्र-छात्राएं हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। समर्पित संस्था द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव में किया गया कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के जिला लीड बैंक अधिकारी मनीष शर्मा, दिग्विजय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले समाजशास्त्र विभाग की विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू मानव स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अंजली मोहन उपस्थित रहे। इस दौरान जिला लीड बैंक अधिकारी मनीष शर्मा ने कहां की उपभोक्ता अपनी बजट को सुरक्षित जमा करने के लिए बैंकों को ही प्राथमिकता दे, कार्यक्रम के उद्देश्य के विषय में जानकारी देते हुए समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ संदीप शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक से जुड़े भुगतान के सामने आने वाले विभिन्न परेशानियों को देखते हुए उन्हें जागरूक करने के लिए जमा करता शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की है।

उन्होंने बताया कि जमा करता अपने अधिकार और वित्तीय शिक्षा के प्रति अज्ञानता के कारण ही लगातार चिट फंड कंपनी ऑनलाइन शॉपिंग दूरभाष में एटीएम की जानकारी आदि माध्यमों से ठगी का शिकार हो रहा है इन सभी को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं को बैंक खाता खुलवाने उसका संचालन बचत योजना वित्त का प्रबंध केवाईसी प्रक्रिया बैंक तीन रन संबंधित यूपीबीएचयू खाताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल चिटफंड कंपनियां, नाम बैंकिंग फाइनेंस कंपनी आदि की जानकारी दी जा रही है। इस कार्यशाला में 50 लोगों को शामिल किया गया ताकि वित्तीय शिक्षा का प्रसार जमीनी स्थिति पर हो सके।

# अर्थशास्त्र विभाग में विद्यार्थियों को दिया नेट-सेट कोचिंग व मार्गदर्शन




**डोंगरगढ़(दावा)। स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग में स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों को सेट-नेट की तैयारी हेतु कोचिंग एवं मागदर्शन दिया गया।**

इस अवसर पर अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर.कोचे ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से सेट-नेट परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति एवं वर्तमान प्रारूप के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि सेट-नेट का पाठ्यक्रम को अवलोकन कर प्रत्येक शीर्षक का अध्ययन गहराई से करें तथा उन्हे अधिक से अधिक बार पुनरावृश्रि करते रहे, इससे शीर्षक की अवधारणा स्पष्ट हो सकेगी। इसके अतिरिक्त विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर.कोचे ने बताया कि प्रश्नों को हल करते समय सरल प्रश्नों को प्रथम क्रम में हल करने के बाद कठिन प्रश्नों को हल करना चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि अर्थशास्त्र विषय में सेट-नेट परीक्षा में क्वालिफाई अंक प्राप्त करने के लिए वर्तमान आर्थिक आकड़ों पर अद्यतन के अतिरिक्त आर्थिक नियमों सिद्धांतो एवं मॉडलों के प्रतिपादकों एवं अर्थशास्त्रियों के नाम, उनके मूलभाव की स्पष्टता के साथ ही आर्थिक नीतियों एवं समितियों के नाम की जानकारी होना आवश्यक है। महाविद्यालय के स्नातक स्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों को दी जा रही कोचिंग व मार्गदर्शन में शामिल छात्र के पूछे गये प्रश्न के जवाब में डॉ.कोचे ने बताया कि सेट-नेट के सामान्य ज्ञान प्रश्न पत्र की तैयारी के लिए उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त जानकारी के अतिरिक्त शैक्षणिक अभिरूचि का निरंतर अभ्यास के साथ मानसिक एवं तार्किक योग्यता के प्रश्नों को हल करने के लिए अच्छे स्तरीय पुस्तकों का अध्ययन किया जाना आवश्यक है।

सेट में कोचिंग मागदर्शन कार्यक्रम के अंत में डॉ.कोचे ने विद्यार्थियों को विगत 5 वर्षो के नेट-सेट प्रश्न पत्रों के हल का वितरण कर अधिक से अधिक छात्रों को नेट-सेट परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

# अमृत सरोवर आलकन्हार में संविधान दिवस पर दिया जागरूकता का संदेश

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन और परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर स्थल पर गत दिवस 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।

गत दिवस ग्राम पंचायत आलकन्हार के अमृत सरोवर में 26 नवंबर को संविधान दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संविधान और लोकतंत्र के महत्व को रेखांकित करना, नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मतदाता जागरूकता फैलाना, नशामुक्ति का संदेश देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्पित होना था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ.भीमराव अंबेडकर, छत्तीसगढ़ महतारी और भारत माता की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया, जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल आदर्शों को दोहराया गया।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए जाबो जन-जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। नागरिकों को मतदान के महत्व को समझाते हुए निष्पक्ष और जिम्मेदार मतदान का संकल्प दिलाया गया। ग्रामीणों, शिक्षकों और अधिकारियों ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और मतदान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु शपथ दिलाई गई। युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अनुच्छेद 51 के तहत नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों और पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम अधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने अमृत सरोवर परियोजना के तहत जल संरक्षण और स्वच्छता की जरूरत पर जोर दिया। उपस्थित नागरिकों ने जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस आयोजन में सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, जनपद पंचायत के सहायक विकास विस्तार अधिकारी मदन उइके, तकनीकी सहायक श्रीमती इंद्राणी साहू, राहुल चतुर्वेदानी और अन्य अधिकारी-कर्मचारी, महिला समूह सदस्य, शिक्षक, स्कूली बच्चें और विभिन्न वर्गो के नागरिक शामिल हुए।

सामूहिक भागीदारी ने इस आयोजन को अधिक प्रभावी और प्रेरणादायक बना दिया। यह आयोजन न केवल संविधान की उद्देशिका को स्मरण करने का अवसर था, बल्कि लोकतंत्र, नशा मुक्ति, मतदाता जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिक जिम्मेदारी को मजबूत करने का भी माध्यम बना।

# मुड़पार पुल के पास सड़क हादसे में राजनांदगांव के दो युवकों की मौत

## अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़-तुमड़ीबोड मार्ग पर स्थित मुड़पार पुल के पास बीती रात सड़क हादसे में राजनांदगांव निवासी दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक सवार दोनों युवक राजनांदगांव से डोंगरगढ़ के लिए निकले थे। घटना बीती रात लगभग 10 से 11 बजे की बताई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अज्ञात वाहन की ठोकर इतनी जबर्दस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। सामने का पहिया भी ठोकर के चलते बाइक से अलग हो गया। घटना की खबर मिलने के बाद फौरन डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवकों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इस दौरान उनकी मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक डोंगरगढ़-तुमड़ीबोड़ मार्ग में स्थित मुढ़पार गांव से पहले एक पुल के ढलान पर राजनांदगांव के मोहारा वार्ड के रहने वाले राजू खोब्रागढ़े और युवराज यादव की बाइक को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में दोनों वहीं गिर पड़े। बुरी तरह से घायल होने के कारण दोनों की मौत हो गई। जबकि मृतकों की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।




बाइक के सामने का पहिया ठोकर के कारण अलग-थलग हो गया। बताया जा रहा है कि मृतक बुधवार शाम को घर से आवश्यक कार्य बताकर डोंगरगढ़ की ओर निकले थे। रात लगभग 10 बजे के आसपास दोनों हादसे के शिकार हो गए। पुलिस को घटना की जैसे ही जानकारी मिली, थाना प्रभारी वर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने युवकों को अस्पताल भेजा। गंभीर चोट लगने के कारण दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक राजू खोब्रागढ़े जड़ी-बूटी का भी व्यापार करता था। संभवतः वह उसी कार्य से किसी के घर जाने के लिए निकला था। दोनों मृतक मोहारा वार्ड के बजरंगनगर के रहने वाले थे। इस घटना से मोहल्ले में मातम छा गया। डोंगरगढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मृतक के पिता ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

प्रार्थी शंकर यादव निवासी मोहारा द्वारा पुलिस को बताया कि,वह हमाली का काम करता है। उसके दो लडके युवराज यादव एवं गिरीश यादव है। दिनांक 27 नवंबर को वह काम करने के लिए राजनांदगांव मिल गया था। वहां से रात्रि करीबन 10 बजे वापस आया तो मेरी पत्नी उषा बाई बताया कि राजू खोब्रागढ़े निवासी मोहारा हमारे घर आया था। और मेरे बेटे युवराज यादव को डोंगरगढ़ जाना है बोलकर मोटर सायकल से डोंगरगढ़ ले गया। दिनांक 28 नवंबर को प्रातः 7 बजे वार्ड के पार्षद द्वारा ज्ञात हुआ कि,राजू खोब्रागढ़े और युवराज का मुडपार में एक्सीडेंट हो गया है। दोनों की मौके में मृत्यु हो गई है। डायल 112 के द्वारा मेरे पुत्र युवराज यादव एवं राजू खोब्रागढ़े के शव को सीएचसी डोंगरगढ़ के मर्चुरी में रखवाया गया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

# पूर्व सीएमओ के बेटे को पीएम आवास, जरूरतमंदों का आवेदन रद्दी में

**गरीब के निर्माणाधीन आवास को ढहाया**





डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र में जरूरतमंदों को छोड़ शासकीय कर्मचारियों के परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है. विगत पंचवर्षीय में निकाय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के लिए हजारों आवेदन प्राप्त हुए और कई स्वीकृत भी हुए किन्तु अनेक वास्तविक गरीबों और जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल सका. वहीं इस योजना का अवैध लाभ लेने शासकीय कर्मचारी विशेषकर डोंगरगांव निकाय के अधिकारी-कर्मचारी सबसे आगे रहे. मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत डोंगरगाँव में प्रधानमंत्री आवास का बंदरबांट किया गया है, जिसमें दैनिक वेतनभोगियों को आवास दिया जाना न्यायोचित था किन्तु अनेक ऐसे शासकीय अधिकारी वर्ग के लोग भी हैं, जिन्होंने नियमों को ताक में रखकर आवास स्वीकृत कर दिया गया और संबंधित विभाग व्दारा निर्माण के बाद भुगतान भी कर दिया गया. हॉलाकि इसमें अनेक शासकीय कर्मचारियों के नाम सामने आ रहे हैं लेकिन सबसे चर्चित नाम दिव्यांश भीमटे के नाम से गांधी पेट्रोल पंप के पीछे निर्मित प्रधानमंत्री आवास है.

बता दें कि हितग्राही दिव्यांश भीमटे अविवाहित हैं और अपने शासकीय सेवारत अपने माता-पिता पर आश्रित हैं, जिसमें पिता संजय भीमटे इसी नगरीय निकाय विभाग अंतर्गत सीएमओ के पद पर रह चुके हैं जबकि उनकी मां एक स्कूल में प्रधानपाठिका के रूप में सेवारत हैं. इनके परिवार में चार सदस्य हैं और वर्तमान राशनकार्ड में इसका उल्लेख साफ है. प्रधानमंत्री आवास के लिए प्राथमिक नियमों में परिवार में पक्का मकान नहीं होना चाहिए लेकिन उपलब्ध राशनकार्ड के अनुसार एकीकृत परिवार का वार्ड 1 के पॉश इलाके में उनकी माता के नाम पर पक्का मकान है. वहीं उनके पिता संजय भीमटे नगरीय निकाय विभाग से सीएमओ के पद पर रिटायर हुए हैं. ऐसे में इस परिवार का वार्षिक आय भी प्रधानमंत्री आवास के मानकों में खरा नहीं उतरता है.

इसके बावजूद सारे नियमों को धता बताते हुए नगर पंचायत डोंगरगांव में इनके आवास स्वीकृत दिलायी गयी, जिससे विभाग के कार्यप्रणाली पर अनेक सवालिया निशान लगते हैं. इनके अलावा भी अनेक शासकीय कर्मचारी हैं, जिनके आवास स्वीकृत किये गए हैं. शासकीय राशि का खुलेआम दुरूपयोग और सक्षम व्यक्तियों को आवास का लाभ देने से अनेक जरूरतमंद परिवारों इस योजना का लाभ वंचित हो गए हैं और गरीबों के सैकड़ों आवेदन आज भी धूल खाते नगर पंचायत में पड़े हुए हैं.

गरीब के निर्माणाधीन आवास को किया गया ध्वस्त - डोंगरगांव निकाय क्षेत्र में वर्षों से किराये के मकान में गुजर-बसर कर रहे महेन्द्र यादव के नाम से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को प्रशासनिक अधिकारियों ने ढहा दिया. सभी नियमों और कागजी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद श्री यादव के पट्टे की जमीन पर नगर पंचायत व्दारा जीओ टेग कर फोटोग्राफी की गई और हितग्राही मकान बनाना प्रारंभ किया गया था, उक्त व्यक्ति ने मकान बनाने के लिए कर्ज लेकर एक ठेकेदार को काम सौंपा था. प्लींथ लेबल तक निर्माण होने के बाद एक बार पुनः जीओ टेग का फोटो खींचा गया लेकिन कोई भी राशि उनके खाते में ट्रांसफर नहीं की गई और न ही इसके विषय में कोई जानकारी ही दी गई. शासकीय राशि आने की उम्मीद में काम लगातार जारी रहा और दीवारें उठकर छत ढालने की तैयारी कर रहे महेन्द्र यादव को काम रोकने कहा गया. इसके पश्चात बगैर हितग्राही की जानकारी दिए नगर पंचायत की टीम के साथ अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन मकान को धराशायी कर दी और मलबा के साथ मटेरियल ले गए. इस मामले में तहसीलदार पी.एल.नाग से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत ने इसे ढहाया है.

एक ओर जहाँ जरूरतमंद गरीब का आवास विभागीय अधिकारियों व्दारा तोड़ कर उसे कर्ज में लाद दिया है वहीं सक्षम शासकीय कर्मचारियों के परिवार को नियमों को ताक पर रख पक्का मकान बनाकर दे रहे हैं. नियमों को ताक में रखकर शासकीय राशि का दुरूपयोग को रोकना प्रशासनिक अधिकारियों का काम है लेकिन शासन-प्रशासन ऐसे मामलों को लेकर गंभीर नहीं हैं. प्रधानमंत्री आवास में विगत पांच वर्षों में अनेक मामले हैं, जिनकी जांच किये जाने की आवश्यकता है और नियमों को तोडने् वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की जरूरत है ताकि शासकीय राशि के दुरूपयोग को रोका जा सके.

> "अभी मुझे जानकारी नहीं है, मामला किसी भी माध्यम से मेरे संज्ञान में आता है तो आवश्यक जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
>
> **- श्रीकांत कोर्राम**
> **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव**

# देश में महिलाओं के लिए अच्छा माहौल- जोया आफरीन

## पोल्ट्री इंडस्ट्रीज सम्मेलन में आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली व जोया आफरीन का हुआ सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। हैदराबाद में आयोजित पोल्ट्री इंडस्ट्रीज सम्मेलन में आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली एवं महिला उद्यमी जोया आफरीन का सम्मान किया गया।

महिला उद्यमी जोया आफरीन ने कहा कि, देश में महिलाओं के लिए व्यापार और नौकरी में अच्छा खासा माहौल बन गया है, क्योंकि महिलाओं में इतनी शक्तियां है कि वे घर-परिवार के साथ-साथ नौकरी और व्यापार भी कर सकती है। इसके लिए परिवार की महिलाओं को अपने घर से इसकी शुरुआत करनी चाहिए, ताकि महिलाएं भी आगे बढ़ सके। आज सभी सेक्टर में महिलाएं काफी आगे आ रही है। व्यापार और नौकरी में महिला या पुरुष होना फर्क नहीं पड़ता, मायने यह रखता है कि वह अपनी क्या सहभागिता दे रहे हैं। आईबी ग्रुप ने भी यह तय किया है कि कंपनी में चालीस फीसदी महिलाएं ही कार्यरत होगी।



### आईबी ग्रुप ने आदिवासियों को आत्मनिर्भर बनाने लिया संकल्प

आईबी ग्रुप की जोया आफरीन ने बताया कि, हमारा समूह देश के आदिवासियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि गरीब महिलाओं को पोल्ट्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे उन्हें सालाना एक से डेढ़ लाख रूपए की आय होगी।

उन्होंने कहा कि देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास में आईबी ग्रुप भी अपनी कार्ययोजना बनाकर उसे हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। हमारी कंपनी भी 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के तहत काम कर रही है।

जीवन में हर दिन नई चुनौतियां जीवन में हर दिन नई चुनौतियां सामने आती है। हर नए दिन परिस्थितियां बदली हुई रहती है, उन चुनौतियों का सामना शांत और लक्ष्य के साथ पूरा करना ही अहम है। काम के दौरान अपने पिता से सीख मिलती है और कंपनी में काम कर रहे साथियों से यह प्रेरणा मिलती है कि जो भी चुनौतियां आ रही है, उसका कैसे सामना करके आगे बढ़ना है।

जोया आफरीन ने कहा कि, देश में कुषोषण एक बड़ी चिंता का विषय है। देश के कई हिस्सों में बच्चों को जरूरी प्रोटीन नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में पूरे भारत में आई बी ग्रुप ब्रांड के जरिये प्रोटीन पहुंचाने की दिशा में भी प्रयास किया जा रहा है। आई.बी. ग्रुप पूरे भारत में ब्रांडेड प्रोटिन प्रोडेक्ट के साथ सोयाबीन बड़ी प्रोटिन्स को दुरस्थ आदिवासी अंचल में प्रदान करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

# साय सरकार ने पद्मश्री विभूतियों की बढ़ाई सम्मान राशि

रायपुर(दावा)। राजभाषा दिवस पर प्रदेश के पद्मश्री विभूतियों के लिये खुशखबरी है। सीएम विष्णुदेव साय ने पद्मश्री सम्मान से विभूषित छत्तीसगढ़ की विभूतियों को दी जाने वाली सम्मान राशि प्रतिमाह 5 हजार रूपए से बढ़ाकर 10 हजार रूपए करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। छत्तीसगढ़ी गुरतुर भाषा है, जो हमें आपस में दिल से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्में काफी लोकप्रिय हैं।

छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने में छत्तीसगढ़ी फिल्मों का भी बढ़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ में 147 करोड़ रूपए की लागत से चित्रोत्पला फिल्म सिटी बनेगी। इसके लिए भारत सरकार ने 147 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है।

# महाराष्ट्र से लाया जा रहा 40 कट्टा अवैध धान जप्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी कल्लूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी बागनदी (पाटेकोहरा) पर चेकपोस्ट बनाया गया है, जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं।

इसी कड़ी में खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बेंदाड़ी चेक पोस्ट में महाराष्ट्र राज्य से वाहन में लाया जा रहा 40 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया। खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने बताया कि बेंदाड़ी चेक पोस्ट में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान अवैध धान की जानकारी मिली। जिसमें 40 कट्टा अवैध धान पाया गया। जप्त धान को छुरिया थाना में अभिरक्षा के लिए दिया गया है।

जप्त धान का मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। महाराष्ट्र से अवैध धान खपाने के लिए ग्राम झाडीखैरी के किसान के घर धान का परिवहन किया जाया जा रहा था। जप्ती कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार श्री विजय कुमार साहू, सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमती हेमा नाग, खाद्य निरीक्षक गरिमा सोरी और प्रतिमा खुटे उपस्थित थी। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में अवैध धान खरीदी एवं बिक्री करने वाले कोचियों, बिचौलियों और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# सुनील सोनी ने ली विधानसभा की सदस्यता : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिलाई शपथ, सीएम ने दी बधाई

रायपुर। राजधानी रायपुर के दक्षिण विधानसभा से बीजेपी के सुनील सोनी ने बंपर जीत दर्ज की है। जीत के बाद गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा के सभागार में आयोजित समारोह में नव निर्वाचित विधायक सुनील सोनी को विधायक पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीएम विष्णुदेव साय सहित मंत्रीगणों और विधायकों ने श्री सोनी को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी।

विधायक सुनील सोनी ने शपथ ग्रहण के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उपस्थित



सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि, मैं अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा और उनकी सेवा में समर्पित रहूंगा।

**ये मंत्री और रहे उपस्थित**

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, किरण सिंह देव, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहब एवं जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

# मिशन अमृत 2.0 में नांदगांव, 147 करोड़ की स्वीकृति मिली, 2 नए एसटीपी प्लांट तैयार होंगे



**भाजपा पार्षद दल के नेता किशुन यदु ने आभार व्यक्त किया**

राजनांदगांव(दावा)। मिशन अमृत 2.0 के लिए राजनांदगांव शहर को 147 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। ये दूसरा मौका है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने मिशन अमृत के लिए चयनित शहरों में राजनांदगांव को शामिल किया है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बताया कि, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे के मिश्रित प्रयासों व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर ये सौगात हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि, इस योजना के तहत नई तकनीक से जल संरक्षण की दिशा में बड़े बदलाव आएंगे।

भाजपा पार्षद दल के नेता किशुन यदु ने बताया कि, इससे पूर्व वर्ष 2016-17 में भाजपा की केंद्र सरकार ने शहर को मिशन अमृत में शामिल किया था। अब केंद्र की योजना मिशन अमृत 2.0 में भी राजनांदगांव को जगह दी गई है। यह योजना कई मायनों में शहर और आसपास के किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि लेकर आएगी। इस योजना के तहत 147 करोड़ रुपए की लागत से पारीनाला में 15 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमंट प्लांट तैयार किया जाएगा। इसके लिए गठुला नाला के पास स्टॉप डेम के माध्यम से ड्रेनेज का पानी रोककर पारी तक पाइप लाईन बिछाई जाएगी।

इसी प्रकार मोहारा में भी 26 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमंट प्लांट बनाया जाएगा। इन प्लांट्स से शहर से निकलने वाले गंदे पानी का शुद्धिकरण किया जाएगा। जिसके बाद शुद्ध पानी का इस्तेमाल सिंचाई सहित अन्य प्रायोजनों हेतु किया जा सकेगा। यह जल संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल साबित होगी। उन्होंने बताया कि, मिशन अमृत के पहले चरण में भी शहर के मोहड़ में 6 एमएलडी का एसटीपी प्लांट बनाया गया है। यहां ड्रेनेज वॉटर का प्यूरीफिकेशन जारी है और इससे क्षेत्र की कृषि को लाभ मिल रहा है।

इस स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा पार्षद दल के नेता किशुन यदु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे के मिश्रित प्रयासों से शहर को विकास के नए पंख लगे हैं।

# सरपंचों पर 55 हजार भुगतान का बनाया जा रहा दबाव- रुपेश दुबे



राजनांदगांव (दावा)। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने प्रधानमंत्री मोदी जी के ड्रीम प्रोजेक्ट केंद्रीय योजना स्वच्छ भारत मिशन को भ्रष्टाचार व उगाही का प्रमुख साधन बनाने भाजपा के अवसरवादी नेता और कतिपय प्रशासनिक तंत्र लगकर इस योजना की धज्जी उड़ाते हुए सरपंचों पर बमुश्किल 20 हजार के ट्रायसिकल पर 50 हजार से अधिक की राशि भुगतान करने का दबाव बनाकर राशि आहरण करने की धमकी दे रहे है और जो सरपंच इस अवैध काम में शामिल नहीं हो रहे हैं, उन्हें मामलों में फंसाने का, लोकतंत्र को कलंकित करने का खेल खेल रहे हैं क्योंकि इसमें विभाग के अधिकारी भी भाजपाईयों के साथ शामिल है।

प्रवक्ता दुबे ने बताया कि डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रु की राशि प्रदान ना कर सीधे राशि का बंदर बांट कर दिया गया था और अपने इस अवैध कार्य को छिपाने तत्कालीन राज्य सरकार के अधिकारियों ने सरपंचों के माध्यम से शौचालय निर्माण करवा कर बड़ा भ्रष्टाचार का खेल खेला था, दस्तावेजी शिकायत के बाद भी सांसद जांच तक कराने से कतरा रहे हैं, जिससे हितग्राहियों का अहित हो रहा है। योजना के प्रावधानों के विपरीत सरपंचों पर धारा 40 की कार्यवाही कराकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम किए थे अब उसी तर्ज पर फिर से छग की भाजपा सरकार स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत ट्रायसिकल खरीदी का खेल चालू कर दिए हैं।

यदि स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत ट्रायसिकल की आवश्यकता होगी तो संबंधित ग्राम पंचायत प्रस्ताव पारित कर खरीदी करने के लिए फर्म से कोटेशन लेकर क्रय करने स्वतंत्र होगा लेकिन सीधे भाजपा नेताओं के इशारे पर बिना ग्राम पंचायत के मांग या बिना प्रस्ताव के मापदंड के विपरीत घटिया ट्राईसाईकिल भेज कर लागत से अधिक राशि आहरण कर सीधे शासकीय कोष में डाका डालने का काम किया जा रहा है। अवसरवादी नेताओं के ऐसे कार्य में जिला पंचायत जनपद के अधिकारियों की भी मिलीभगत गंभीर आर्थिक अपराध की श्रेणी में आने वाला कृत्य है क्योंकि राशि भेजने के बाद भाजपा के नेतागण सरपंचों पर दबाव बनाकर राशि आहरण कर सीधे-सीधे अवैध उगाही में लगे हुए हैं जिसके चलते पूरे जिले के सरपंच हलाकान व परेशान है कुल मिलाकर स्वच्छ भारत मिशन योजना जो प्रधानमंत्री की ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में चर्चित है उसको ही भाजपा और भ्रष्ट अधिकारी अवैध उगाही भ्रष्टाचार का माध्यम बनाकर प्रधानमंत्री की नीति और नियत की धज्जी उड़ा कर योजना के मूल उद्देश्य का गला घोंट रहे हैं।

आवश्यकता है
दैनिक अखबार में काम करने हेतु (रात्रिकालीन) हेल्पर की
मिलने का समय दोप. 12 से शाम 6 बजे तक
संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

# प्रसाद योजना के तहत डोंगरगढ़ मंदिर तीर्थ सुविधा के विस्तार के लिए 48.44 करोड़ रुपए मंजूर

**अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सहयोगियों का आभार जताया**



डोंगरगढ़ (दावा)। मंदिर विकास हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष पहल पर केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपए स्वीकृत करने पर माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी सहयोगियों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। केंद्र सरकार द्वारा इसके पूर्व प्रसाद योजना के तहत 60 करोड रुपए स्वीकृत किए थे। जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में तीर्थ पर्यटन सुविधाओं में विस्तार के लिए केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में तीर्थ सुविधाओं के विस्तार के लिए बड़ी पहल की है।

प्रसाद योजना में डोंगरगढ़ मंदिर तीर्थ सुविधा के विस्तार के लिए 48.44 करोड़ रुपए मंजूर कर लिए गए हैं। इस प्रोजेक्ट का नाम ही माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास÷ होगा। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने राज्यसभा में यह जानकारी दी है। सीएम विष्णुदेव साय ने पहले स्वदेश दर्शन योजना और अब तीर्थ विकास योजना के लिए फंड दिए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय मंत्री का आभार जताया है।

प्लॉट बेचना है
राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
- : संपर्क :-
62641-56342

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com